हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025 अंक 130/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-

शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या आप जोडे के दर्द से परेशान हो ?

•जोडों का दर्द • गठियावात • सन्धिशोथ • सरवाइकल पेन पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअस्नेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

शुभमन का शतक, शमी ने किये 5 शिकार

# इंडिया का धमाकेदार आगाज़





**दुबई.** भारतीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में शानदार आगाज किया है। टीम इंडिया ने दुबई में खेले गए मैच में बांग्लादेश को 6 विकेट धूल चटाई और चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार जीत से अपने अभियान का आगाज किया। भारत की इस जीत में युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का अहम योगदान रहा। गिल ने कमाल की पारी खेली और लगातार दूसरे वनडे मैच में भारत के लिए शतक जड़ने का बड़ा कारनामा किया। गिल ने अपने वनडे करियर का 8वां शतक जड़ा। उन्होंने 9 चौके और 2 छक्कों की बदौलत 125 गेंदों पर अपना सैकड़ा पूरा किया। इससे पहले गिल के बल्ले से इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के तीसरे मैच में भी शतक आया था। मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम का आगाज बेहद निराशाजनक रहा। टीम के 5 बल्लेबाज सिर्फ 35 रन के भीतर पवेलियन लौट गए। इसके बाद जेकर अली और तौहीद हृदोय के बीच छठे विकेट के लिए 154 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी हुई, जिसकी बदौलत बांग्लादेश की टीम 228 रन बनाने में कामयाब रही। जेकर अली ने 68 रनों की पारी खेली। वहीं, तौहीद हृदोय 100 रन बनाए। मोहम्मद शमी ने 5 बल्लेबाजों का शिकार किया और वनडे में सबसे कम गेंदों पर 200 विकेट पूरे करने का वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने मिचेल स्टार्क का सबसे कम गेंदों पर 200 विकेट लेने का वर्ल्ड रिकॉर्ड ध्वस्त किया। बांग्लादेश के 228 रनों के जवाब में भारत का आगाज बेहतरीन रहा। टीम इंडिया ने 10 ओवर में 1 विकेट खोकर 69 रन स्कोरबोर्ड पर लगाए। रोहित शर्मा 41 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद क्रीज पर आए विराट कोहली, जो सिर्फ 22 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। मिडिल ऑर्डर में श्रेयस अय्यर (15) और अक्षर पटेल (8) भी कुछ खास नहीं कर सके और सस्ते में आउट हो गए। इस दौरान गिल दूसरे छोर पर डटे रहे और फिर केएल राहुल के साथ मिलकर 87 रनों की पार्टनरशिप करते हुए टीम इंडिया को जीत दिला दी। केएल राहुल ने नाबाद 41 रनों की पारी खेली। केएल ने अपनी पारी में 1 चौका और 2 छक्के जड़े। गिल 129 गेंदों पर 101 रन बनाकर नाबाद लौटे।

# दिल्ली में रेखा सरकार

## एलजी ने दिलाई शपथ



**नई दिल्ली.**



बीजेपी विधायक दल की नेता रेखा गुप्ता ने गुरुवार को रामलीला मैदान में एक भव्य समारोह में दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने रेखा गुप्ता और उनके मंत्रिपरिषद को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रवींद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह सहित छह अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली।

पीएम मोदी समेत कई मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री रहे मौजूद, शपथग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व के नेता मौजूद रहे। इनके अलावा एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम भी शपथग्रहण के गवाह बने। जानकारी के अनुसार, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फड़नवीस, बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा, राजस्थान के डिप्टी सीएम प्रेम चंद बैरवा, गोवा के सीएम प्रमोद सावंत, आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू और अन्य नेता भी मौके पर मौजूद थे।

## पीएम मोदी समेत कई राज्यों के सीएम रहे मौजूद





दिल्ली में विभिन्न संगठनात्मक पदों पर और पार्षद और मेयर के रूप में सेवा करने वाली रेखा गुप्ता राष्ट्रीय राजधानी के मुद्दों और समस्याओं से परिचित हैं। भाजपा के चुनाव घोषणापत्र में वादों की भरमार होने के कारण, उनसे उम्मीद की जाती है कि वे जमीनी स्तर पर काम करेंगी और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाएंगी। शालीमार बाग सीट से निर्वाचित विधायक रेखा गुप्ता दिल्ली में भाजपा महिला मोर्चा की महासचिव और इसकी राष्ट्रीय कार्यकारी समिति की सदस्य रह चुकी हैं। रेखा गुप्ता पहली बार विधायक बनी हैं और अब मुख्यमंत्री भी बन गईं।

रेखा गुप्ता ने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से की। दिल्ली विश्वविद्यालय के दौलत राम कॉलेज से पढ़ाई करने के बाद वे 1996-97 में दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) की अध्यक्ष बनीं और छात्रों के मुद्दों को सक्रिय रूप से उठाया।

# जौनपुर में बड़ा सड़क हादसा

## 9 श्रद्धालुओं की मौत, 40 घायल



**जौनपुर.** यूपी के जौनपुर में बड़ा सड़क हादसा हो गया है। जौनपुर जिले के बदलापुर थाना थानांतर्गत सरोखनपुर गांव के पास आज सुबह करीब पांच बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। दो अलग-अलग दुर्घटना में अयोध्या जा रही गाड़ियां दुर्घटना ग्रस्त हो गई। इसमें 9 तीर्थयात्रियों की जान चली गई जबकि 40 लोग घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही डीएम-एसएसपी समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार, महाकुंभ स्नान के बाद दो वाहन जौनपुर में सड़क हादसे का शिकार हो गये। इस हादसे में दोनों वाहनों में सवार नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। लगभग 40 लोग घायल भी हुए हैं। घायलों को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि झारखंड नम्बर की टाटा सूमो श्रद्धालुओं को लेकर वाराणसी से अयोध्या की ओर जा रही थी। गुरूवार तड़के जैसे ही सरोखनपुर पहुंची तो एक वाहन से जोरदार भिड़ंत हो गई। सूमो में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिली तो मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से घायलों को अस्पताल भेजा। सूमो में एक बच्चा, एक पुरुष और 3 महिला समेत 8 लोग सवार थे। इनमें से पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए जिनका इलाज चल रहा है। सूमो सवार सभी झारखंड के रहने वाले थे।

# दिल्ली में मंत्रियों के विभागों का बंटवारा

## सीएम रेखा गुप्ता के पास गृह और वित्त, प्रवेश वर्मा देखेंगे शिक्षा-पीडब्ल्यूडी

**नई दिल्ली.**



रेखा गुप्ता ने गुरवार को दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली. उनके साथ छह मंत्रियों ने भी ऐतिहासिक रामलीला मैदान में शपथ ली है और अब रेखा गुप्ता के मंत्रियों के विभागों का बंटवारा हो गया है. सीएम रेखा गुप्ता ने गृह और वित्त जैसे महत्वपूर्ण विभाग अपने पास रखे हैं. इसके अलावा, उनकी सतर्कता और योजना भी है. जबकि पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को हराने वाले प्रवेश वर्मा को शिक्षा, लोक कल्याण और परिवहन विभाग की जिम्मेदारी दी गई है. प्रवेश वर्मा को छठी मंजिल पर कमरा मिला है. यह वही कमरा है जो कभी मनीष सिसोदिया का था. जानें किस मंत्री को मिला क्या विभाग, 1. रेखा गुप्ता (मुख्यमंत्री)- गृह, वित्त, सेवाएं, सतर्कता, योजना. 2. प्रवेश वर्मा- शिक्षा, लोक निर्माण विभाग, परिवहन. 3. मनजिंदर सिंह सिरसा- स्वास्थ्य, शहरी विकास, उद्योग. 4. रविन्द्र कुमार इंद्राज – समाज कल्याण, एससी/एसटी मामले, श्रम. 5. कपिल मिश्रा- जल, पर्यटन, संस्कृति. 6. आशीष सूद राजस्व, पर्यावरण, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति. 7. पंकज कुमार सिंह- विधि, विधायी कार्य, आवास, बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने आप को पराजित कर 27 सालों के पास सत्ता में वापसी की है और रेखा गुप्ता को सीएम बनाया है. सीएम रेखा गुप्ता ने ऐलान किया है कि वह दिल्ली में फिर से विकास को अमली जामा पहनाएंगी.

# हम इन्हीं आंखों से भारत को विश्वगुरु बनते देखेंगे: मोहन भागवत



**नई दिल्ली.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने झंडेवालान में पुनर्निर्मित 'केशव कुंज' के प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में कहा कि 'देश में संघ कार्य गति पकड़ रहा है, व्यापक हो रहा है। आज जिस पुनर्निर्मित भवन का यह प्रवेशोत्सव है, उसकी भव्यता के अनुरूप ही हमें संघ कार्य का स्वरूप भव्य बनाना है और हमारे कार्य से उसकी अनुभूति होनी चाहिए। यह कार्य पूरे विश्व तक जाएगा और भारत को विश्वगुरु के पद पर आसीन करेगा, ऐसा हमें पूर्ण विश्वास है। और हम अपनी इसी देह, इन्हीं आंखों से बनते देखेंगे, यह विश्वास है।

लेकिन संघ के स्वयंसेवकों को इसके लिए पुरुषार्थ करना होगा। हमें इसके लिए कार्य को सतत विस्तार देना होगा। उन्होंने कहा कि आज संघ के विभिन्न आयामों के माध्यम से संघ कार्य का विस्तार हो रहा है। इसलिए अपेक्षा है कि संघ के स्वयंसेवक के व्यवहार में सामर्थ्य, शुचिता बनी रहे। आज संघ की दशा बदली है, लेकिन दिशा नहीं बदलनी चाहिए। समृद्धि की आवश्यकता है, जितना आवश्यक है उतना वैभव होना भी चाहिए, लेकिन ऐसा मर्यादा में रहकर होना चाहिए। केशव स्मारक समिति का यह पुनर्निर्मित भवन भव्य है, इसकी भव्यता के अनुरूप ही कार्य खड़ा करना होगा।

# मुठभेड़ में 4 हार्डकोर महिला नक्सलियों की मौत

## घायल साथियों को उठा ले गए अन्य नक्सली



**बालाघाट.** बालाघाट में हॉकफोर्स और जिला पुलिस बल ने चार हार्डकोर महिला नक्सलियों को मार गिराया है। बुधवार के दिन सुरक्षाबलों ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया और सीएम मोहन यादव ने भी सुरक्षाबलों की इस सफलता को सराहा। अब इस मुठभेड़ में मारी गई नक्सलियों की पहचान हो गई हैं। इनमें आशा कान्हा भोरमदेव एरिया कमेटी में कमांडर थी। वहीं शीला, रंजीता, लख्खे कान्हा भोरमदेव दलम में सदस्य थी। इनके खिलाफ कुल 62 लाख रूपये का इनाम था। पुलिस ने चारों के शव को बरामद कर सुरक्षित रखवा दिए हैं। सभी के खिलाफ दर्जन भर से अधिक अपराध दर्ज हैं। सभी छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले की रहने वाली हैं। नक्सल ऑपरेशन को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता में बालाघाट जोन के आईजी संजय सिंह ने बताया कि 19 फरवरी को थाना गढ़ी के सूपखार वन रेंज में रौंदा फॉरेस्ट कैम्प के पास यह मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में अन्य नक्सली घायल हुए, जिन्हें उनके साथी घने जंगल का फायदा उठाते हुए अपने साथ लेकर भागने में सफल हुए। अब जंगल में 12 से अधिक सर्चिंग टीम के लगभग 500 से अधिक जवानों को जंगल में उतारा गया हैं। ये सभी जवान उन नक्सलियों की तलाश कर रहे हैं, जो मुठभेड़ में घायल हुए थे, लेकिन दूसरे नक्सलियों की मदद से मौके से भागने में सफल रहे।

# यूपी बजट में तोहफे ही तोहफे

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश की सरकार ने 8 लाख करोड़ का बजट पेश किया है. विकास के इस बजट में बताया गया है कि "आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स सिटी" की स्थापना की जाएगी, साईबर सिक्योरिटी में टेक्नोलॉजी रिसर्च ट्रान्सलेशन पार्क की स्थापना की जाएगी. वाराणसी, अलीगढ़ और श्रावस्ती एयरपोर्ट का विस्तार होगा. त्तर प्रदेश के लिए आज गुरुवार का दिन ऐतिहासिक है. वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने साल 2025-26 के लिए राज्य का बजट पेश किया. यह योगी सरकार का नौवां बजट है और यह 8 लाख करोड़ का बजट है. वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट पेश करने से पहले कहा, अधूरी ख्वाहिशें जीने का मजा देती है, सब मांगें पूरी हो जाएंगी तो तमन्ना किसकी करोगे.

# किसी को देने के लिए पानी की एक बूंद भी नहीं: सीएम मान

**चंदिगढ़.**



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अपने एक बयान में बुधवार को कहा कि राज्य के पास किसी भी अन्य प्रदेश को पानी देने के लिए एक बूंद भी नहीं है। यह बयान उन्होंने पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के बीच नदी जल विवादों के समाधान के लिए गठित 'रावी ब्यास जल अधिकरण' के समक्ष दिया। अधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विनीत सरन, सदस्यों न्यायमूर्ति पी. नवीन राव और न्यायमूर्ति सुमन श्याम और रजिस्ट्रार रीता चोपड़ा की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने दोहराया कि राज्य के पास किसी अन्य राज्य के साथ शेयर करने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है और किसी के साथ पानी की एक बूंद भी साझा करने का सवाल ही नहीं उठता। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि पंजाब के 76.5 प्रतिशत ब्लॉक (153 में से 117) अत्यधिक दोहन वाले हैं, जहां भूजल का स्तर 100 प्रतिशत से अधिक हो चुका है। वहीं, हरियाणा में यह आंकड़ा 61.5 प्रतिशत (143 में से 88) है।

उन्होंने कहा कि अधिकतर नदी जल संसाधन सूख चुके हैं और राज्य को अपनी सिंचाई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अधिक पानी की आवश्यकता है। भगवंत मान ने यह भी जोर दिया कि पानी की उपलब्धता का पुनर्मूल्यांकन अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुसार होना चाहिए, ताकि पंजाब के किसानों और लोगों को न्याय मिल सके। मुख्यमंत्री ने अधिकरण से अनुरोध किया कि वह राज्य के लोगों को न्याय दिलाने के लिए उचित कदम उठाए। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में राज्य के पास इतना पानी नहीं बचा है कि वह इसे अन्य राज्यों के साथ साझा कर सके। उनका कहना था कि पंजाब के पास अब केवल इतना पानी है, जो वह अपने खाद्य उत्पादकों की सिंचाई के लिए ही उपयोग कर सकता है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि राज्य में जल संकट की स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि पानी की कमी के कारण पंजाब को अपनी कृषि और सिंचाई जरूरतों के लिए मुश्किलें झेलनी पड़ रही हैं।

# कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे को दो साल की जेल

फर्जी दस्तावेज मामले में सजा



**नाशिक.** राज्य के कृषि मंत्री एडवोकेट माणिकराव कोकाटे और उनके भाई विजय कोकाटे को फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर मुख्यमंत्री कोटे के तहत दिए गए फ्लैटों का गबन करने के एक मामले में दो साल की जेल और 50-50 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई है, जिससे राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई है। इस परिणाम ने कृषि मंत्री की विधायकी और मंत्री पद को भी खतरे में डाल दिया है। निम्न आय वर्ग के व्यक्तियों को सरकार द्वारा, अर्थात् मुख्यमंत्री कोटे के माध्यम से, रियायती दर पर अपार्टमेंट उपलब्ध कराए जाते हैं। इसके लिए संबंधित व्यक्ति को एक शपथ पत्र और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे, जिसमें यह उल्लेख हो कि उसके नाम पर कहीं भी कोई फ्लैट नहीं है। एडवोकेट माणिकराव कोकाटे और उनके भाई विजय कोकाटे ने 1995 में ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत किए और शहर के कनाडा कॉर्नर क्षेत्र में निर्माण वु अपार्टमेंट में मुख्यमंत्री कोटे से दो फ्लैट प्राप्त किए। इतना ही नहीं, इस इमारत के अन्य दो अपार्टमेंट दूसरों द्वारा अधिग्रहित कर लिए गए थे और उनका उपयोग कोकाटे बंधुओं द्वारा किया जा रहा था। इस संबंध में शिकायतें मिलने के बाद जिला प्रशासन ने जांच कराई। जिला कलेक्टर कार्यालय में नगरीय भूमि (छत विनियमन) विभाग के तत्कालीन विश्वनाथ पाटिल ने एडवोकेट माणिक कोकाटे, उनके भाई विजय कोकाटे समेत चार लोगों के खिलाफ फर्जी दस्तावेजों के आधार पर फ्लैट प्राप्त कर सरकार को धोखा देने की शिकायत दर्ज कराई थी।

CMYK

# सिगरेट और तंबाकू पर लगेगा महंगाई का करंट

> सरकार ले सकती है बड़ा फैसला

**नई दिल्ली.**



भारत सरकार सिगरेट और तंबाकू से जुड़े दूसरे प्रोडक्ट्स पर कंपंसेशन सेस को हटाकर जीएसटी बढ़ाने का विचार कर रही है. सिगरेट और दूसरे प्रोडक्ट्स पर मौजूदा समय में सेस और अन्य टैक्स के अलावा 28 फीसदी जीएसटी लगता है, जिससे कुल इनडायरेक्ट टैक्स 53 फीसदी हो जाता है. जिन सुझावों पर विचार किया जा रहा है उनमें से एक है जीएसटी को 40 फीसदी तक बढ़ाना और उसके ऊपर अतिरिक्त एग्साइज ड्यूटी लगाना. सरकार का आइडिया ये है कि कंपंसेशन सेस और दूसरे सेस को हटाने के बाद किसी तरह के रेवेन्यू का नुकसान ना हो, जो 31 मार्च, 2026 के लिए निर्धारित है.

अधिकारियों का कहना है कि सरकार का मन कंपंसेशन सेस को दूसरे सेस से रिप्लेस करने के मूड में नहीं है. अधिकारियों के अनुसार 2026 के बाद कंपंसेशन सेस के भविष्य पर जीएसटी काउंसिल का मंत्रिस्तरीय पैनल विचार-विमर्श कर सकता है. एक अधिकारी ने कहा, सेस को प्रभावी नहीं माना जाता है. उम्मीद है कि पैनल अपनी रिपोर्ट सौंपने से पहले सभी विकल्पों पर विचार करेगा. इसके बाद जीएसटी काउंसिल सिफारिशों पर अंतिम फैसला लेगी.

हानिकारक माने जाने वाले सामान, सिगरेट और अन्य धुआं रहित तंबाकू प्रोडक्ट्स पर वर्तमान में 28 फीसदी जीएसटी के अलावा कंपंसेशन सेस, बेसिक एक्साइज ड्यूटी और नेशनल डिजास्टर कंटीजेंसी फीस लगाई जाती है. लेकिन सिगरेट पर 53 फीसदी का कुल टैक्सेशन जीएसटी और अन्य शुल्क अभी भी विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा रिकेमेंडेड 75 फीसदी रेट से काफी कम है. सिगरेट और पान मसाला सहित तंबाकू और तंबाकू प्रोडक्ट सरकार के टैक्स रेवेन्यू में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं – इनसे 2022-23 में सरकार को 72,788 करोड़ रुपए की कमाई हुई थी.

### जीओएम ने दिया था बदलाव का सुझाव

जीएसटी काउंसिल ने तत्कालीन ओडिशा के वित्त मंत्री निरंजन पुजारी के तहत तंबाकू टैक्सेशन पर मंत्रियों का एक समूह (जीओएम) स्थापित किया था. जीओएम ने जीएसटी के सेस ऐलीमेंट में बदलाव का सुझाव दिया था, जिसमें कहा गया था कि इसे सेल प्राइस के बजाय उत्पाद के अधिकतम रिटेल प्राइस से जोड़ा जाना चाहिए. बाद में, इस मुद्दे को एक फिटमेंट कमेटी और रेट रेशनलाइजेशन पर जीओएम के पास वापस भेज दिया गया.

## भारत आर्थिक गतिविधियों में सुधार की राह पर

**नई दिल्ली.**



देश में चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने के संकेत हैं और इसके आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को जारी अपनी बुलेटिन में यह बात कही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वाहन बिक्री, हवाई यातायात, इस्पात खपत और जीएसटी ई-वे बिल जैसे आंकड़े इसकी पुष्टि कर करते हैं। आरबीआई के फरवरी बुलेटिन में प्रकाशित 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' नामक एक लेख में कहा गया है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में मजबूती और व्यापार नीति से डॉलर मजबूत हो रहा है।

इससे उभरती अर्थव्यवस्थाओं से पूंजी की निकासी बढ़ सकती है और बाहरी मोर्चे पर स्थिति नाजुक हो सकती है। आरबीआई के अनुसार मजबूत आंकड़ों के असाथ आर्थिक गतिविधियों की गति बरकरार रहने की उम्मीद है। कृषि क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन से ग्रामीण मांग को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में घोषित आयकर राहत के बीच मुद्रास्फीति में गिरावट के साथ खर्च योग्य आय में वृद्धि को देखते हुए, शहरी मांग में भी सुधार की उम्मीद है।

केंद्रीय बजट में राजकोषीय मजबूती और वृद्धि लक्ष्यों के बीच सूझबूझ के साथ संतुलन बनाया गया है। इसमें एक तरफ जहां पूंजीगत व्यय पर जोर है, वहीं दूसरी तरफ खपत को बढ़ावा देने के साथ कर्ज में कमी लाने को लेकर खाका भी है।''

इसके अलावा, सात फरवरी, 2025 को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में रेपो दर में कटौती से भी घरेलू मांग को गति मिलने की उम्मीद है। भारतीय रिजर्व बैंक ने साफ कहा है कि लेख में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और भारतीय रिजर्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

## पुणे में 105 एकड़ की इंटीग्रेटेड टाउनशिप का अनावरण

**पुणे.**



निरंजन हिरानंदानी ग्रुप ने प्रसिध्द क्रिसाला डेव्हलपर्स के साथ 105 एकड़ के पहले संयुक्त विकास करार पर हस्ताक्षर करके पुणे रिअल इस्टेट मार्केट में अपनी बहुप्रतिक्षित प्रवेश की घोषणा की है. यह प्रकल्प उत्तर हिंजवडी में स्थित है और यह इंटीग्रेटेड टाउनशिप धोरण के अंतर्गत विकसित किया जाएगा,जिसमें रेसिडेंशियल,कमर्शियल और रिटेल विकास शामिल है.

यह संयुक्त विकास वर्तमान में पहला पडाव शुरू कर रहा है, जो 30 एकर जमीन पर विस्तारीत है और कम से कम 3 दशलक्ष स्क्वेअर फीट रिअल इस्टेट जगह प्रदान करने की क्षमता रखता है. संयुक्त विकास करार के तहत पहले पडाव के विकास के लिए लगभग 500 करोड रूपये का निवेश होने की उम्मीद है,जबकि लगभग 2100 करोड रूपयों का कारोबार होने की उम्मीद है. प्रस्तावित विकास में घर खरीदनेवालों का समग्र जीवन अनुभव बढाने के लिए अपार्टमेंटस,व्हिला प्लॉटस,ब्रँडेड रेसिडेंन्स और मनोरंजन की सुविधाओं का समावेश है.

इस धोरणात्मक संयुक्त विकास का उद्देश्य क्रिसाला डेव्हलपर्स की मजबूत स्थानीय कुशलता और हिरानंदानी ग्रुप के व्यापक ब्रँड अनुभव का लाभ उठाना है. दोनो संघटन दूरदृष्टी और कुशलता के निर्बाध एकीकरण के लिए प्रतिबध्द है,जिसमें जमीन विकास और मंजुरी से लेकर कार्यान्वयन तक सारे पहलू समाविष्ट है.

हिरानंदानी ग्रुप के अध्यक्ष डॉ.निरंजन हिरानंदानी के अनुसार, मेगा इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्टस मुंबई और पुणे के दौरान अंतिम पडाव की महत्त्वपूर्ण कनेक्टिव्हिटी स्थापित कर रहे है,जिससे गतिमान एमएमआर और पुणे रिअल इस्टेट बाजार को प्रोत्साहन मिल रहा है. यह कनेक्टिव्हिटी सीधे तौरपर स्थलांतरित प्रतिभाओं की आकांक्षापूर्ण जीवन संबंधी मांगों को संबोधित करती है. पुणे का रिअल इस्टेट क्षेत्र तेजी से बढते हुए, संपन्न आयटी हब,बेहतरीन कनेक्टिव्हिटी और कुशल व्यावसायिकों के कारण मजबूत विकास का अनुभव कर रहा है. इन दो प्रमुख व्यावसायिक शहरों के बीच दृढ संबंध से रिअल इस्टेट विकास के लिए अभूतपूर्व अवसर उपलब्ध हुए है.

अपना धोरणात्मक स्थान, सोच-समझकर डिझाईन किए गए स्थानों और अद्वितीय सुविधाओं के साथ टाऊनशिप पुणे में इंटीग्रेटेड रेसिडेंशियल रिअल इस्टेट विकास के लिए एक नया मापदंड स्थापित करने के लिए तैयार है,जो एक ऐसे भविष्य का वादा करता है,जहां स्थिरता और विलासिता एक साथ उपलब्ध होंगे.हिरानंदानी ग्रुप और क्रिसाला डेव्हलपर्स के बीच इस संयुक्त उपक्रम से सहयोगी साझेदारी दोनो संस्थानों को आज के तेजी से बढते रिअल इस्टेट बाजार में अच्छे अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम बनाती है.

## मंदिर अर्थव्यवस्था को नई गति देने वाले युग का आरंभ हुआ

> मंदिर प्रबंधन को नई दिशा देने का संकल्प

**नई दिल्ली.**




आंध्र प्रदेश की आध्यात्मिक शहर तिरुपति में आयोजित अंतरराष्ट्रीय मंदिर सम्मेलन और प्रदर्शनी-आयसीटीएक्स 2025'' का भव्य समापन समारोह हाल ही में संपन्न हुआ। यह भारत का सबसे बड़ा और प्रभावशाली मंदिर प्रबंधन सम्मेलन साबित हुआ, जिसमें 1500 से अधिक मंदिरों, प्रतिष्ठित राजनीतिक नेताओं और हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन धर्मगुरुओं सहभाग था। प्रधानमंत्री मोदी के 'विकसित भारत २०४७' के संकल्प को मजबूती प्रदान करते हुए यह सम्मेलन सनातन धर्म के शाश्वत मूल्यों को मजबूती देते हुए, मंदिर प्रशासन, शाश्वत मूल्य और तकनीकी समावेशन को नया आकार देने वाला एक ऐतिहासिक मंच बना।

इसमें मंदिर स्वायत्तता, स्मार्ट मंदिर मिशन और विश्व की सर्वोत्तम प्रथाओं पर गहन विचार-विमर्श हुआ, जिससे मंदिरों को धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक उन्नति के केंद्रों के रूप में पुनः स्थापित करने की दिशा में एक नया मानदंड स्थापित हुआ।

आईटीसीएक्स और टेंपल कनेक्ट के संस्थापक गिरीश कुलकर्णी और आईटीसीएक्स के अध्यक्ष एवं महाराष्ट्र विधान परिषद के मुख्य प्रतोद प्रसाद लाड की संकल्पना से आयोजित इस महोत्सव ने मंदिर प्रतिनिधियों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि मंदिर, हिंदू समाज के शक्ति केंद्र के रूप में कैसे पुनः स्थापित किए जा सकते हैं। भारत की मंदिर अर्थव्यवस्था वर्तमान में ४-५ लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच चुकी है, जो किसी भी बड़े वैश्विक उद्योग से कम नहीं। इस पृष्ठभूमि में हुई चर्चाओं में मंदिरों के प्रबंधन को व्यावसायिक संस्थानों की तरह संचालित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया, ताकि आम जनता द्वारा दी गई दानराशि को चिकित्सा सहायता, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और लंगर के माध्यम से समाज कल्याण में लगाया जा सके।अपने दूसरे ही सम्मेलन में आईटीसीएक्स ने मंदिर प्रबंधन के पुनर्गठन में एक महत्वपूर्ण प्रेरणास्त्रोत के रूप में अपनी भूमिका को दृढ़ किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस सम्मेलन के प्रति भेजे अपने सराहना पत्र में कहा "आईटीसीएक्स वैश्विक स्तर पर मंदिरों की विविधता में एकता का प्रतीक है और यह एकप्रकार से 'वसुधैव कुटुंबकम' की अवधारणा का उत्सव भी है। २१वीं सदी ज्ञान-आधारित समाज की सदी है, और इस दृष्टि से समृद्ध मंदिरों की सांस्कृतिक विरासत का दस्तावेजीकरण, डिजिटल रूप से संरक्षण और उसे वैश्विक स्तर पर प्रस्तुति करने की टेम्पल कनेक्ट की विचारधारा को अधिक महत्त्व प्राप्त होता है।"

सम्मेलन के पहले दिन महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत पहली बार एक ही मंच पर आए। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री श्रीपाद नाईक भी इस सम्मेलन में उपस्थित रहे।

दूसरे दिन बीजेपी के तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई और विश्व हिंदू परिषद के महासचिव मिलिंद परांडे ने हिंदू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने की मांग की। सम्मेलन के अंतिम दिन आंध्र प्रदेश के मानव संसाधन विकास मंत्री नारा लोकेश ने स्वीकार किया कि, "आईटीसीएक्स जैसा वैश्विक स्तर का सम्मेलन विचार नेतृत्व, विचारों का आदान-प्रदान और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के लिए आवश्यक है।"

उन्होंने कहा की, "आज हम स्पाइडरमैन, सुपरमैन और एवेंजर्स के बारे में बात करते हैं, लेकिन हमें अपनी संस्कृति और विरासत को भी संजोकर रखना होगा, क्योंकि यह हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस भव्य आयोजन ने विभिन्न पीढ़ियों और भारत के विभिन्न हिस्सों के विचारकों, आध्यात्मिक प्रतिनिधिओं और सामाजिक सुधारकों को एक मंच पर लाकर मंदिर प्रशासन में जरुरी आर्थिक और सामाजिक सुधारणओ को लागू करने की प्रतिबद्धता दिलाई।

## बैंक से आपको नहीं मिल पा रहा है लोन ?

**नई दिल्ली.**




अपना घर खरीदना हर किसी का सपना होता है. लेकिन कई लोगों को होम लोन लेने में परेशानी आती है इसका मुख्य कारण है खराब क्रेडिट स्कोर. अगर आप चाहते हैं कि आपको सपने के घर के लिए आसानी से लोन मिल जाए, तो आपको सबसे पहले अपने क्रेडिट स्कोर पर ध्यान देना होगा. क्योंकि भारत में होम लोन के लिए अच्छे क्रेडिट स्कोर की आवश्यकता होती है. आज हम आपको इस खबर के माध्यम से बताएंगे आप कैसे अपना क्रेडिट स्कोर ठीक कर सकते हैं.आपके मौजूदा लोन और क्रेडिट कार्ड बिलों का समय पर भुगतान करना बहुत महत्वपूर्ण है। देर से भुगतान आपके क्रेडिट स्कोर को नुकसान पहुंचाता है। वहीं, आप भुगतान करने के लिए अलर्ट और ऑटो-डेबिट की सुविधा का इस्तेमाल कर सकते हैं.

यदि कोई बकाया हो तो उसका भुगतान करें। लेनदारों को नोटिस जारी करें और किसी भी ओवरड्यू बकाया का भुगतान करें, जिससे आपकी स्थिति "डिफ़ॉल्ट" से "बंद" में बदल जाएगी, जिससे यह सुनिश्चित हो जाएगा कि आपका क्रेडिट स्कोर अच्छा बना रहेगा. प्रत्येक नई क्रेडिट पूछताछ आपकी रिपोर्ट पर कड़ी पूछताछ के साथ शॉर्ट टर्म में आपके स्कोर को कम कर देती है. एक कठिन पूछताछ आम तौर पर आपके क्रेडिट प्रोफ़ाइल पर वर्षों तक बनी रहती है. अपना स्कोर कम रखने से बचने के लिए एक ही समय में कई क्रेडिट कार्ड या लोन के लिए आवेदन करने से बचें.

## टाटा मोटर्स देश की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक कार कंपनी

**नई दिल्ली.** दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की कंपनी टेस्ला के भारत आने की खबरों के बीच टाटा मोटर्स ने अपने ग्राहकों के लिए खास ऑफर्स की घोषणा की है। टाटा मोटर्स देश की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक कार कंपनी है। टाटा ग्रुप की इस कंपनी ने देश में 2 लाख इलेक्ट्रिक वीकल बेचने का बड़ा मुकाम हासिल किया है। यह उपलब्धि हासिल करने की खुशी में कंपनी अगले 45 दिनों तक ये ऑफर्स दे रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक टेस्ला अप्रैल 2025 में भारत में एंट्री कर सकती है। कंपनी जर्मनी से कारें आयात करेगी जिनकी शुरुआती कीमत 21 लाख रुपये होगी। कंपनी की मुंबई और दिल्ली में शोरूम खोलने की योजना है और इसके लिए उसने भारत में भर्तियां भी शुरू कर दी हैं।

## सोने की कीमत ने बनाया नया कीर्तिमान

**नई दिल्ली.**



मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 900 रुपये बढ़कर 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 14 फरवरी को स्थानीय बाजारों में यह 1,300 रुपये बढ़कर 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचा था। वहीं चांदी का भाव भी बुधवार को 600 रुपये बढ़कर 99,600 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया।

विशेषज्ञों के मुताबिक, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नए शुल्क की धमकियों के बीच सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ने और सतत लिवाली के साथ-साथ बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितता के कारण बुधवार को सोने में तेजी जारी रही। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषण विभाग के उपाध्यक्ष (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, सोने में तेजी जारी रही। शुल्क के कारण वैश्विक अनिश्चितता ने सोने की स्थिति को सुरक्षित-संपत्ति के रूप में मजबूत किया है, बैंकों और कोषों ने अधिक आवंटन बनाए रखा है। अप्रैल डिलिवरी के लिए कॉमेक्स सोना वायदा 12 डॉलर बढ़कर 2,960.99 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्चस्तर के करीब पहुंच गया। पिछले सप्ताह वैश्विक बाजारों में यह 2,968.50 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

## शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला जारी

> सेंसेक्स 203 अंक टूटा, निफ्टी भी कमजोर

**नई दिल्ली.**



घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को भी गिरावट का सिलसिला जारी रहा। हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन सेंसेक्स 203.22 अंक गिरकर 75,735.96 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 19.75 अंक कमजोर होकर 22,913.15 के स्तर पर बंद हुआ।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.88 पर खुला और इंट्राडे के दौरान डॉलर के मुकाबले 86.58 के उच्चतम स्तर और 86.88 के न्यूनतम स्तर को छुआ। सत्र के अंत में यह डॉलर के मुकाबले 86.65 (अनंतिम) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद से 33 पैसे की बढ़त दर्शाता है। मंगलवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 10 पैसे कमजोर होकर 86.98 पर बंद हुआ। बुधवार को 'छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती' के अवसर पर विदेशी मुद्रा बाजार बंद रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, "पिछले पांच दिनों तक सीमित दायरे में रहने के बाद भारतीय रुपये में मजबूती आई है। विदेशी बैंकों की डॉलर बिकवाली और बाजार के खिलाड़ियों द्वारा लगातार लंबी पोजीशन समाप्त करने से रुपये में यह तेजी आई है।

## पंजाब नेशनल ने ऋणों की ब्याज दरें 25 आधार अंक घटाई

> रेपो रेट में कटौती के बाद लिया फैसला

**नई दिल्ली.**




सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक ने खुदरा ऋणों की ब्याज दरें 25 आधार अंकों (बीपीएस) तक घटाने का एलान किया है। इन ऋणों में आवासीय और ऑटो लोन शामिल हैं। पीएनबी ने यह फैसला आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की ओर से रेपो रेट में 25 बीपीएस की कटौती के बाद लिया है। पीएनबी ने अपने एक बयान में कहा, "जिन उत्पादों के ब्याज दरों में रियायत दी गई है, उनमें होम लोन, कार लोन, शिक्षा और व्यक्तिगत ऋण शामिल हैं, ताकि ग्राहकों को वित्तपोषण के विविधतापूर्ण विकल्प मिल सके। भारतीय रिजर्व बैंक ने पांच वर्षों के अंतराल के बाद इसी महीने 07 फरवरी को रेपो रेट में 25 आधार अंकों की कटौती कर इसे 6.50 प्रतिशत से घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया है।

ब्याज दरों में कटौती के बाद, पीएनबी ने विभिन्न योजनाओं के तहत होम लोन की दर को संशोधित कर 8.15 प्रतिशत कर दिया है। बैंक ने कहा कि ग्राहक 31 मार्च, 2025 तक अग्रिम प्रसंस्करण शुल्क और दस्तावेज़ीकरण शुल्क की पूरी छूट का लाभ उठा सकते हैं। इसमें कहा गया है कि पारंपरिक आवास ऋण योजना में ब्याज दर 8.15 प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू होती है तथा मासिक किस्त 744 रुपये प्रति लाख है।

### ऑटो लोन की ब्याज दर 8.50 फीसदी से होगी शुरू

ऑटो लोन के बारे में कहा गया है कि नई और पुरानी दोनों कारों के वित्तपोषण के लिए ब्याज दर 8.50 प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू होती है और ईएमआई 1,240 रुपये प्रति लाख जितनी कम है। सतत गतिशीलता को बढ़ावा देने के लिए, पीएनबी 8.50 प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू होने वाली ब्याज दर में 0.05 प्रतिशत की रियायत और 1,240 रुपये प्रति लाख की शुरुआती ईएमआई की पेशकश कर रहा है।


१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर







प्रविण कडू : 9822472123

# महिलाओं के लिए सरकारी मदद

## नए मापदंड से मिलेगा लाभ

**मुंबई.**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में गेम चेंजर बनीं 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन' योजना की लाभार्थी महिलाओं की 8वीं किस्त का इंतजार कर रही लाभार्थी महिलाओं के लिए एक बुरी खबर है। राज्य की अर्थव्यवस्था पर बोझ बढ़ाने वाली लाडकी बहन योजना का दुरुपयोग रोकने और योग्य लाभार्थी को ही योजना का लाभ सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने अपना तरीका बदल लिया है।

इसके तहत लाभार्थी महिलाओं को हर साल एक जून से 1 जुलाई के बीच ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। इतना ही नहीं लाभार्थी महिलाओं की पात्रता की पड़ताल के लिए सरकार ने आयकर विभाग की भी मदद लेना शुरू कर दिया है, और 2.5 लाख से ज्यादा की लोगों को बाहर करने फैसला कर लिया है। लेकिन सरकार के इस प्लान को लोग लाभार्थी महिलाओं की संख्या कम करने की साजिश करार दे रहे हैं। लाडकी बहन योजना से पहले ही पांच लाख महिलाओं की पात्रता खत्म कर दी गई है। फिर भी राज्य में लगभग 2 करोड़ से अधिक महिलाएं लाडकी बहन योजना का लाभ ले रही हैं। लेकिन अब लाभार्थी महिलाओं की संख्या बहुत जल्द घटकर आधी हो सकती है। क्योंकि सरकार ने सालाना ढाई लाख रुपए से अधिक आय वाले परिवारों की लाभार्थी महिलाओं को योजना से बाहर निकालने के लिए फूल प्रूफ योजना बनाई है। इसके लिए सरकार बैंकों के साथ-साथ आयकर विभाग की भी मदद ले रही है। आशा वर्कर एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं की मदद से सरकार ने पहले ही लाडकी बहनों की पात्रता की जांच शुरू कर दी है। इसी तरह, अब पता चला है कि 4 लाख महिलाओं की संख्या और कम होने जा रही है। बताया जा रहा है कि राज्य सरकार ने वास्तव में 945 करोड़ रुपये बचाए हैं। 5 लाख महिलाएं हैं जो नमो शेतकरी योजना और लाडकी बहिन योजना का लाभ उठा रही हैं।



### योजना के तहत सिर्फ 500 रुपए मिलेंगे

इन महिलाओं को लाडकी बहिन योजना के तहत सिर्फ 500 रुपए मिलेंगे, जबकि नमो शेतकरी योजना के तहत 1000 रुपए मिलेंगे। दिव्यांग विभाग से लाभ पाने वाली महिलाओं को लाडकी बहिन योजना से बाहर रखा जाएगा। 2.5 लाख महिलाएं ऐसी हैं जिनके पास वाहन हैं और उन्हें इससे बाहर रखा गया है। इसके साथ ही कई महिलाएं ऐसी भी हैं जो मापदंड पर खरी नहीं उतरती हैं और उन्होंने यह पैसा वापस करना शुरू कर दिया है।

# ठेकेदारों का 765 करोड़ रुपये का भुगतान लंबित




**धुले.**

सरकारी विकास कार्यों में लगे ठेकेदारों का 765 करोड़ रुपये का भुगतान लंबित है, लेकिन सरकार ने पिछले एक साल में मात्र 50 करोड़ रुपये ही जारी किए हैं। इसको लेकर जिला कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन के ठेकेदारों ने पी डब्लूडी कार्यालय परिसर में डंपर और हायवा खड़े कर विरोध प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। ठेकेदारों का कहना है कि कम राशि में मजदूरों के वेतन, वाहनों के ईंधन और घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। संघ के अध्यक्ष संदीप महाले ने चेतावनी दी कि यदि जल्द बकाया भुगतान नहीं हुआ तो परिवार सहित सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ठेकेदारों का आरोप है कि पिछले 2-3 वर्षों से करोड़ों रुपये की बिलें लंबित हैं। जबकि 80-100 फीसदी काम पूरा हो चुका है, लेकिन सरकार की ओर से केवल 8-10फीसदी भुगतान ही किया जा रहा है। कर्ज लेकर विकास कार्य कराने वाले ठेकेदार अब आर्थिक संकट में फंस गए हैं। "सरकार 100 रुपये के काम के बदले केवल 8-10 रुपये देती है। ऐसे में ठेकेदार कैसे काम करें?" इस तरह का सवाल खड़े किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि शासन की अनदेखी के कारण ठेकेदार कर्ज में डूब गए हैं और उनकी स्थिति भी किसानों जैसी हो गई है। अगर जल्द भुगतान नहीं किया गया तो आत्महत्या जैसी घटनाएं भी हो सकती हैं। धुले जिले में 150-200 ठेकेदार सरकारी विकास कार्यों में लगे हैं और हर ठेकेदार का 10 लाख से 10 करोड़ रुपये तक का भुगतान रुका हुआ है। संघ ने सरकार को अल्टीमेटम दिया है कि अगर इस महीने के अंत तक भुगतान नहीं हुआ तो जिले में सभी विकास कार्य ठप कर दिए जाएंगे। इस विरोध प्रदर्शन में संघ के अध्यक्ष संदीप महाले, सचिव प्रकाश पांडव, दीपक भामरे, तुषार रंधे, अशोक देसले, बाळासाहेब भदाणे, पुरुषोत्तम कोतकर, केदार जोशी, विजय चांडक, राहुल सोनवणे, पंकज अग्रवाल, अजय कटारिया, मिलिंद मुदावदकर, दीपक अहिरे, विजय गवली सहित सैकड़ों ठेकेदार शामिल हुए।

# दिल्ली से मुंबई पहुंचा पाकिस्तानी शख्स



**मुंबई.**

पाकिस्तान के एक नागरिक ने कई मीलों का सफर कर मुंबई के एक पुलिस थाने को अपना घर बना लिया है। इस बात को जानकर आप भी जरूर चौंक गए होंगे कि पाकिस्तानी नागरिक इतने समय से यहां कैसे टिक पाया। तो चलिए आपको पूरी बात बताते है। दरअसल, दक्षिण मुंबई का एक पुलिस थाना पिछले चार महीनों से उस 65 वर्षीय पाकिस्तानी व्यक्ति का अस्थायी घर बना हुआ है जिसने भारत में अवैध प्रवेश के लिए मिली सजा काट ली है और अब निर्वासन का इंतजार कर रहा है।

कराची के कपड़ा व्यापारी नादिर मुनीर खान पिछले अक्टूबर से माता रमाबाई आंबेडकर (एमआरए) मार्ग पर स्थित पुलिस थाने के एक कमरे में रह रहे हैं। वरिष्ठ निरीक्षक संतोष धनवते ने कहा कि निर्वासन तक वह पुलिस थाने से बाहर नहीं जा सकते। पुलिस ने उन पर पाबंदी लगाने वाला आदेश जारी किया है जिसके तहत वह परिसर से बाहर कदम नहीं रख सकते हैं।

खान को 11 अप्रैल, 2024 को एमआरए मार्ग पुलिस थाने के अधिकारियों ने तब गिरफ्तार किया था, जब वह शहर के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के पास संदिग्ध तरीके से घूमते पाया गया था। अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''खान ने पुलिस को बताया कि वह एक पाकिस्तानी नागरिक है, लेकिन उसके पास कोई वीजा और अन्य आवश्यक दस्तावेज नहीं थे।

इसलिए पुलिस ने उसको विदेशी अधिनियम और पासपोर्ट अधिनियम के तहत भारत में अवैध प्रवेश के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।" अधिकारी ने कहा कि उसकी राष्ट्रीयता को देखते हुए पुलिस के अलावा इंटेलिजेंस ब्यूरो और रॉ (रिसर्च एंड एनालिसिस विंग) ने भी खान से पूछताछ की। इसके बाद उस पर देश में अवैध रूप से रहने का मुकदमा चलाया गया और स्थानीय अदालत ने उसे छह महीने जेल की सजा सुनाई। उसे 11 अक्टूबर, 2024 को रिहा कर दिया गया। जेल की सजा पूरी करने के बाद खान को फिर से एमआरए मार्ग पुलिस थाने भेज दिया गया, जहां वह अब निर्वासन का इंतजार कर रहा है। जब उसने उनसे इस बारे में पूछा तो उसके साथ कथित तौर पर मारपीट की गई और पासपोर्ट तथा अन्य दस्तावेज उससे छीन लिए गए। नेपाल के अधिकारियों ने उस पर निर्धारित समय से अधिक समय तक रुकने के लिए जुर्माना लगाया, जिसके बाद वह उत्तर प्रदेश के सोनौली 'लैंड पोर्ट' के माध्यम से भारत में प्रवेश कर गया। वहां से वह नई दिल्ली और फिर नवंबर 2023 में मुंबई पहुंचा।

# लोकल ट्रेन में 3 यात्रियों पर हमला

**मुंबई.**



कल्याण से दादर जा रही फास्ट लोकल ट्रेन में एक चौंकाने वाली घटना हुई है। खबर हैं कि लोकल ट्रेन में 19 वर्षीय युवक ने तीन यात्रियों पर चाकू से हमला किया है। बताया जा रहा है कि युवक ने मामूली बात पर सीधे चाकू से हमला कर दिया। यह हमला काफी मामूली बात पर हुआ। हुआ यूं कि कल्याण से दादर जा रही फास्ट लोकल ट्रेन में काफी भीड़ थी। इसमें शेख जिया हुसैन नाम का 19 वर्षीय युवक यात्रा कर रहा था। चूंकि कल्याण और डोंबिवली के बीच भीड़ थी, इसलिए उसे कुछ यात्रियों ने धक्का दे दिया। इस कारण उसने तीनों यात्रियों पर सीधे चाकू से हमला कर दिया। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, शेख जिया हुसैन उमरा में उतरना चाहता था, लेकिन उसे पता चला कि फास्ट लोकल ट्रेन इस स्टेशन पर नहीं रुक रही है। इस समय उसने अन्य यात्रियों को धक्का देकर नीचे उतार दिया।

यह बहस में बदल गया और बाद में, प्रारंभिक जानकारी सामने आई है कि उसने अपने पास से चाकू निकाला और हमला करना शुरू कर दिया। डोंबिवली रेलवे पुलिस ने शेख जिया हुसैन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। तीनों घायलों को भी इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आपको बता दें कि मुंबई की लोकल ट्रेनों में कई तरह के स्टंट भी देखने को मिलते हैं। युवा किस दिशा में जा रहे हैं, यह सवाल समाज में उठ रहा है।

# संपत्ति विवाद में चचेरे भाई ने की शख्स की हत्या

**ठाणे.** ठाणे जिले में जमीनी विवाद को लेकर एक व्यक्ति ने अपने ही चचेरे भाई की बेरहमी से हत्या कर दी. पहले आरोपी ने गोली मारी और फिर उसे चाकू से गोद दिया. पुलिस ने आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया. यह घटना11:30 बजे की है जब रामसागर दुबे ने अपने चचेरे भाई रंजीत दुबे पर हमला कर दिया. उसने पहले रंजीत को गोली मारी और फिर चाकू से वार किए, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई. कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी के अनुसार, हत्या का कारण उत्तर प्रदेश के जौनपुर में जमीन को लेकर चला आ रहा विवाद था. बताया जा रहा है कि दोनों चचेरे भाइयों का आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है और वो उत्तर प्रदेश में पहले जेल भी जा चुके हैं. मृतक रंजीत दुबे पर एक मामले में मकोका के तहत भी आरोप दर्ज थे. घटना के तुरंत बाद पुलिस ने आरोपी रामसागर दुबे को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस इंस्पेक्टर सबाजी नाइक ने बताया कि रामसागर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और आर्म्स एक्ट के तहत हत्या और अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है. पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है.



# महाराष्ट्र की राजनीति में अनिश्चितता लगातार बढ़ रही

## महायुति के दलों के बीच में अकेले लड़ने की अटकलें शुरू



**मुंबई.**

महाराष्ट्र की राजनीति में अनिश्चितता लगातार बढ़ रही है। यानी कब क्या हो जाए, कोई कह नहीं सकता है। सीटों के बंटवारे में रस्साकशी के बाद विधानसभा चुनाव साथ लड़ने वाले विपक्षी दलों के गठबंधन महाविकास आघाड़ी में एकला चलो की सुगबुगाहट काफी पहले से सुनाई दे रही है। क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की शिवसेना पहले ही कह चुकी है कि हम मुंबई मनपा के चुनाव अकेले लड़ सकते हैं। लेकिन अब ऐसी ही सुगबुगाहट सत्तारूढ़ महायुति से सुनाई पड़ रही है।

दावा किया जा रहा है कि बीजेपी के साथ-साथ उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की राकां में भी अपने दम पर निकाय चुनाव लड़ने की संभावनाओं की समीक्षा में चल रही है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में उम्मीद से ज्यादा बड़ी सफलता मिलने से बीजेपी के हौसले बुलंद हैं। बीजेपी में एकला चलो की रणनीति रातों रात नहीं बनी है, बल्कि इसकी तैयारी विधानसभा चुनाव से पहले ही शुरू हो गई थी। विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी में नंबर दो के नेता व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने साफ शब्दों में कह दिया था कि 2024 के चुनाव बीजेपी महायुति में लड़ेगी लेकिन 2029 में बीजेपी अपने दम पर महाराष्ट्र का सीएम बनाएगी।

मुंबई, ठाणे और कोंकण क्षेत्र में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा बैठकों के दौरान 1 अक्टूबर 2024 को शाह ने मुंबई में घोषणा की थी 2024 में महायुति सत्ता में वापसी करेगी लेकिन 2029 में बीजेपी अपने दम पर सरकार बनाएगी। बीजेपी द्वारा आक्रामक ढंग से चलाए जा रहे सदस्यता अभियान से मिले संकेतों के बाद उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना एवं अजित पवार की राकां में हड़कंप मच गया है। देश और दुनिया की सबसे बड़ी व अमीर पार्टी बीजेपी ने हाल ही में महाराष्ट्र में 1 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य पूरा किया था। लगभग 1 लाख बूथों के जरिए पार्टी के 1.2 करोड़ प्राथमिक सदस्य बनाए गए थे। लेकिन बीजेपी का सदस्यता अभियान इसके बाद भी रुका नहीं है। बीजेपी में अगले 15 दिनों में संगठन पर्व के जरिए और 15 लाख लोगों को पार्टी से जोड़ने के लक्ष्य पर काम चल रहा है। बीजेपी के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष व राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने मनपा चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों से साफ शब्दों में कह दिया है कि सदस्यता अभियान में सक्रियता को उम्मीदवारी का पैमाना माना जाएगा।

# शादी का झांसा देकर ठगी




**मुंबई.** पालघर जिले में पुलिस ने एक ऐसे शातिर ठग को गिरफ्तार किया है, जो खुद को दिल्ली क्राइम ब्रांच का अफसर बताकर महिलाओं को शादी का झांसा दे रहा था. एक महिला के साथ उसने रेप की घटना को भी अंजाम दिया. फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज कर उसे उसके गृह नगर अहमदाबाद से अरेस्ट कर कार्रवाई शुरू कर दी है. एजेंसी के अनुसार, आरोपी की पहचान 26 वर्षीय हिमांशु योगेशभाई पंचाल के रूप में हुई है. हिमांशु ने एक मैट्रिमोनियल साइट के जरिए महिलाओं से दोस्ती की और खुद को दिल्ली पुलिस के साइबर सेल का अधिकारी बताया. वह लड़कियों को शादी का सपना दिखाकर उन्हें भरोसे में लेता था, फिर मुलाकात के बहाने होटलों व लॉज में ले जाता था और उनका शारीरिक और मानसिक शोषण करता था.

पालघर के वालीव पुलिस थाने में एक महिला ने हिमांशु के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी. महिला के अनुसार, आरोपी ने उसे शादी का झांसा दिया और कई बार होटलों में बुलाकर रेप किया. आरोपी ने महिला को एक नकली हीरा लेकर उसे महंगा तोहफा देने का नाटक भी किया था. पुलिस की जांच में खुलासा हुआ कि हिमांशु करीब एक दर्जन महिलाओं को तरीके से धोखा दे चुका है. आरोपी का तरीका बेहद चालाकी भरा था. वह पहले महिलाओं से दोस्ती करता, संबंध बनाता, फिर उनके साथ धोखाधड़ी कर गायब हो जाता था.

महिला की शिकायत पर पुलिस ने हिमांशु के खिलाफ मामला दर्ज किया. पुलिस ने तकनीकी जांच के जरिए आरोपी का पीछा किया और अंततः उसे अहमदाबाद से गिरफ्तार कर लिया. फिलहाल, पुलिस यह जांच कर रही है कि हिमांशु के खिलाफ और कितनी शिकायतें दर्ज हैं और कितनी महिलाओं को उसने इसी तरह से अपना शिकार बनाया. इस मामले में और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं. मैट्रिमोनियल साइट्स पर अनजान लोगों से दोस्ती करने से पहले सावधानी बरतने की जरूरत है, वरना ऐसे शातिर अपराधी आपको भी अपना शिकार बना सकते हैं.

# 10 करोड़ रुपये का मेफेड्रोन ड्रग्स बरामद

**मुंबई.** पुलिस ने गुरुवार को ड्रग तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए आरोपियों से 10.08 करोड़ रुपये मूल्य की मेफेड्रोन ड्रग बरामद की गई है. यह कार्रवाई मुंबई क्राइम ब्रांच ने की, जिसने एक निजी गेस्ट हाउस में छापेमारी कर इन तस्करों को रंगे हाथों पकड़ा. मुंबई क्राइम ब्रांच को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग ड्रग्स की तस्करी के लिए दादर (पूर्व) स्थित स्वामीनारायण मंदिर के पास एक निजी गेस्ट हाउस में मिलने वाले हैं. इस सूचना के आधार पर पुलिस ने बुधवार शाम गेस्ट हाउस के पास जाल बिछाया और संदिग्धों की निगरानी शुरू की. देर रात दोनों आरोपी गेस्ट हाउस पहुंचे और मेफेड्रोन की खेप सौंपने की तैयारी करने लगे. इसी दौरान उनमें से एक को पुलिस की मौजूदगी का आभास हुआ और उसने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस टीम ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया. इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. क्राइम ब्रांच की बांद्रा यूनिट का नेतृत्व प्रसिद्ध 'एनकाउंटर स्पेशलिस्ट' इंस्पेक्टर दया नायक कर रहे थे. उन्होंने यह पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया.

# आगरा में बनेगा छत्रपति शिवाजी महाराज स्मारक

**मुंबई.** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बीते बुधवार को घोषणा की कि राज्य सरकार आगरा में छत्रपति शिवाजी महाराज का स्मारक बनाएगी, जहां उन्हें बंदी बनाकर रखा गया था। मुख्यमंत्री कार्यालय ने बताया कि सीएम फडणवीस मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती के अवसर पर आगरा में एक कार्यक्रम को संबोधित करने गए थे। इस संबंध में सीएम फडणवीस उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात करेंगे और राज्य सरकार की ओर से मीना बाजार नामक स्थान पर स्मारक स्थापित करने के लिए भूमि अधिग्रहण किया जाएगा। सीएम फडणवीस ने कहा, "आगरा कोठी (जिसे आज मीना बाजार के नाम से जाना जाता है) में एक भव्य स्मारक बनाया जाएगा, जहां छत्रपति शिवाजी महाराज को बंदी बनाकर रखा गया था। महाराष्ट्र सरकार जमीन का अधिग्रहण करेगी। वहां छत्रपति शिवाजी महाराज का एक भव्य स्मारक बनाया जाएगा। मैं खुद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात करूंगा। सीएम फडणवीस ने कहा, "मैं छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं देता हूं।



हर साल हम इस किले से प्रेरणा लेकर महाराष्ट्र की सेवा करने आते हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज सिर्फ योद्धा ही नहीं बल्कि एक अच्छे प्रशासक भी थे। हम उनके सभी किलों का विकास करेंगे। हम सभी किलों से अतिक्रमण हटाने के लिए टास्क फोर्स का गठन कर रहे हैं। अजित पवार ने भी शिवाजी महाराज की विरासत और लोगों पर उनके प्रेरणादायक प्रभाव पर जोर दिया। पवार ने कहा, "आज लाखों लोग यहां (शिवनेरी किला) आकर हर साल अपना सम्मान प्रकट करते हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज के कई किले सभी नागरिकों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। हम सुनिश्चित करेंगे कि शिवाजी महाराज के सभी किलों के विकास के लिए धन की कमी न हो। छत्रपति शिवाजी महाराज का सुशासन और सामाजिक न्याय आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रोत है।" शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी, 1630 को पुणे के शिवनेरी किले में हुआ था। छत्रपति शिवाजी महाराज 17वीं सदी के भारतीय योद्धा राजा थे, जिन्होंने मराठा साम्राज्य की स्थापना की थी। उन्हें भारतीय इतिहास के सबसे महान योद्धाओं में से एक माना जाता है। 1670 में मुगलों से भीषण युद्ध करने के बाद 1674 में उन्होंने पश्चिमी भारत में मराठा साम्राज्य की नींव रखी।

## आज का राशिफल

मेष : आज मेष राशि वालों को सावधान रहना चाहिए। नौकरी में ध्यान से काम करें और बिजनेस में निर्णय सोच-समझ कर लें। मानसिक तनाव हो सकता है। यात्रा पर जाने का योग है।

वृषभ : आज वृषभ राशि वालों के लिए मुनाफे का दिन है। बिजनेस में मुनाफा हो सकता है, लेकिन खर्च कम करें। निवेश के लिए अच्छा दिन है और संपत्ति खरीदने का योग है। नौकरी में अच्छा रहेगा।

मिथुन : मिथुन राशि वालों के लिए भी मुनाफे वाला दिन है। बिजनेस में अच्छा मुनाफा हो सकता है। खर्च पर ध्यान दें और निवेश के लिए अच्छा समय है। वाहन चलाते समय सतर्क रहें।

कर्क : कर्क राशि वालों का दिन ठीक-ठाक रहेगा। बिजनेस में बिना सोचे-समझे निर्णय न लें। नौकरी में सराहना मिल सकती है। परिवार का साथ मिलेगा और यात्रा का भी योग है।

सिंह : सिंह राशि वालों का दिन मिलाजुला रहेगा। ऑफिस में जिम्मेदारी बढ़ सकती है। मन शांत रखें और रिश्तों को वक्त दें। सेहत भी अच्छी रहेगी।

कन्या : कन्या राशि वालों के लिए खास दिन है। डर पर काबू रखें और रुके काम पूरे होंगे। बिजनेस में मुनाफा होगा और परिवार का साथ मिलेगा। यात्रा का भी योग है।

तुला : तुला राशि वालों के लिए दिन खास रहेगा। दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। बिजनेस और नौकरी में तरक्की होगी। सेहत का ध्यान रखें और वाहन चलाते समय सतर्क रहें।

वृश्चिक : वृश्चिक राशि वालों का दिन शानदार रहेगा। नौकरी में तरक्की हो सकती है। पैसों के लेन-देन से बचें और लव लाइफ में थोड़ा ध्यान दें। यात्रा का योग है।

धनु : धनु राशि वालों के लिए दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस से खुशखबरी मिल सकती है। लव लाइफ भी अच्छी रहेगी, लेकिन बहस से बचें। सेहत का ध्यान रखें।

मकर : मकर राशि वालों को मेहनत करनी होगी। मानसिक तनाव हो सकता है। बिजनेस में बड़ा निवेश न करें और टीम के साथ मिलकर काम करें। सेहत का ध्यान रखें।

कुंभ : कुंभ राशि वालों के लिए दिन अच्छा रहेगा। बिजनेस में मुनाफा होगा और आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। विद्यार्थी पढ़ाई पर ध्यान दें। सेहत में थोड़ी परेशानी हो सकती है।

मीन : मीन राशि वालों का दिन खास रहेगा। किसी की सोच को खुद पर हावी न होने दें। बिजनेस में नुकसान हो सकता है, तो निवेश से बचें। नौकरी में सराहना मिल सकती है। परिवार के साथ तालमेल रखें।

# शिवनेरी किले में पर्यटकों पर मधुमक्खियों का हमला

## 10 की हालत गंभीर

**मुंबई.**

पुणे जिले के जुन्नार में शिवनेरी किले पर मधुमक्खियों ने हमलाकर दिया. मधुक्खियों के झुंड द्वारा डंक मारे जाने से 10 लोग घायल हो गए. 10 में से 7 लोग ड्यूटी पर तैनात मेडिकल स्टाफ और वन अधिकारी हैं, जबकि 3 आगंतुक हैं. घायलों को इलाज के लिए भेजा गया है.

इस घटना की जानकारी जिले के वन विभाग के एक अधिकारी ने दी.शिवनेरी किले पर पर्यटक का आना जाना लगा रहते हैं. इस ऐतिहासिक किले में पर्यटक अक्सर एकजुट होते हैं शाम के समय में मधुमक्खियों के झुंड ने अप्रत्याशित रुप से हमला कर दिया. मधुमक्खियों के हमले के दौरान लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और भगदड़ मच गई. मधुक्खियों के झुंड द्वारा डंक मारे जाने से 10 से ज्यादा लोग घायल हो गई. घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया. जहां उनका तत्काल प्रभाव से इलाज किया गया.



जानकारी के मुताबिक, शिवनेरी किले में पर्यटकों पर मधुमक्खियों द्वारा हमला किए जाने का मामला पहले भी आ चुका है.

बीते साल शिव जयंती की पूर्व संध्या पर बच्चों समेत करीब 70 पर्यटक ऐतिहासिक किले पर जमा हुए थे. इसी दौरान मधुमक्खियों के झुंड हमला कर दिया था. कुछ उपद्रवी युवकों के समूह ने मधुमक्खियों को पत्थर मारा था जिसके बाद मधुमक्खियों ने वहां मौजूद लोगों पर हमला कर दिया था.

### युवकों के समूह ने मधुमक्खियों को पत्थर मारा

❒ वन विभाग के एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि शिवनेरी किले पर मधुमक्खियों ने झुंड ने करीब 10 लोगों पर हमला किया है, इसकी जानकारी मिली है. उन्होंने कहा मधुमक्खियों ने करीब 10 लोगों को घायल किया है. घायलों में 7 लोग ड्यूटी पर तैनात मेडिकल स्टाफ और वन अधिकारी हैं, जबकि 3 आगंतुक हैं. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है. उन्होंने कहा कि अभी इस घटना के बारे में और जानकारी की प्रतीक्षा है. घटना कैसे हुई इसकी जानकारी की जा रही है.

## सुविचार

जीवन में वाणी को संयम में रखना अति अनिवार्य है क्योंकि वाणी से दिये हुए घाव कभी भरे नहीं जाते

## संपादकीय

# रिश्तों में क़रीबी, कतर के अमीर की भारत यात्रा

कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमाद अल-थानी की दो दिवसीय भारत यात्रा ने बदलते अंतरराष्ट्रीय समीकरणों के बीच दोनों देशों की बढ़ती करीबी को दिखाया है। उनकी इस यात्रा को भारत में कितनी अहमियत दी गई, यह इसी से स्पष्ट था कि उन्हें रिसीव करने खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एयरपोर्ट गए थे। यह यात्रा ऐसे समय हुई, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की घोषणाओं से न केवल अंतरराष्ट्रीय व्यापार के समीकरणों को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बन रही है बल्कि पश्चिम एशिया में भी नाजुक हालात हो गए हैं।

ध्यान रहे कतर, इस्राइल और हमास के बीच मध्यस्थ की भूमिका में रहा है और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के गाजा को खाली कराने संबंधी बयान को लेकर वह असहज है। ऐसे में महत्वपूर्ण है कि मंगलवार को जहां कतर के विदेश मंत्रालय ने कहा कि गाजा के भविष्य का फैसला फलस्तीनी करेंगे, वहीं भारत ने भी फलस्तीन के मुद्दे पर 'टू स्टेट सॉल्यूशन' के फॉर्म्युले को अपना समर्थन दोहराया। इसी संदर्भ में यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत और कतर ने अपने रिश्तों को रणनीतिक साझेदारी का रूप दे दिया है। हाल के वर्षों में खाड़ी देशों के साथ भारत के रिश्तों में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल के देशों में सऊदी अरब, यूएई, ओमान और कुवैत के बाद कतर पांचवां देश है, जिसके साथ भारत ने रणनीतिक साझेदारी समझौता किया है।

दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को अगले पांच साल में दोगुना करने और कतर की ओर से भारत में 10 बिलियन डॉलर का निवेश करने का फैसला तो किया ही है, जीसीसी देशों के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते पर हो रही प्रगति से अलग द्विपक्षीय स्तर पर भी फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। यही नहीं, दोनों देशों ने सीमा पार आतंकवाद समेत सभी तरह के आतंकवाद की निंदा करते हुए उस पर एकजुटता दिखाई। ध्यान रहे, भारत और कतर के रिश्तों में यह बेहतरी अचानक नहीं आई है। वहां करीब 7 लाख प्रवासी भारतीय रहते हैं जो कतर की कुल आबादी का लगभग 25 फीसदी हिस्सा है। दोनों देशों के बीच करीबी सहयोग न केवल द्विपक्षीय हितों के लिहाज से महत्वपूर्ण है बल्कि वैश्विक विवादों को सुलझाने में भी सकारात्मक योगदान कर सकता है।

डॉ. एम.ए.रशीद, नागपुर | शुक्रवार स्पेशल | भाग (76)

# ग़रीबों के लिए पानी की व्यवस्था जनसेवा की सीमा में आती है

## मुस्लिम समुदाय को हर जीवित प्राणी के लिए पानी की सेवा करने में भागीदार बनना चाहिए





### उनकी सेवा में भागीदार बनना चाहिए

पानी अल्लाह का एक ऐसा महान उपकार और नेमत है, जिसका कोई विकल्प नहीं है और फिर ठंडे पानी की भी बड़ी नेमत है, यह ठंडा पानी इन्सान को बहुत प्यारा होता है। इसकी तब पता चलती है जब भीषण गर्मी का मौसम हो और शिद्दत की प्यास लगी हो! जिन लोगों के पास इस प्रकार की नेमत नहीं है उन्हें पानी उपलब्ध कराना और उन्हें पानी पिलाना "सदका ए जारिया" की हैसियत रखता है।

इस्लामी दृष्टिकोण से यह जन सेवा कीमती दौलत है। "सदका ए जारिया" में इसका सवाब मरने के बाद भी इंसान को मिलता रहता है। इसलिए गरीबों के लिए पानी की व्यवस्था करना जो नल, टैंक, कुएँ, ट्यूबवेल आदि के रूप में हो तो वह जीते जी जनसेवा की सीमा में तो आएगी ही लेकिन मरने के पश्चात भी श्रेष्ठ दान के तहत उसका सवाब मिलता रहेगा। ठंडा पानी इंसान को बड़ा प्रिय होता है लेकिन वह अल्लाह की मुहब्बत में रुकावट नहीं बनना चाहिए। अल्लाह से मुहब्बत के संबंध में हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम की एक दुआ है कि "हे अल्लाह, मेरे दिल में अपनी मुहब्बत मेरी जान, मेरे परिवार और ठंडे पानी की मुहब्बत से भी अधिक प्रिय बना दे" (जामा तिर्मिज़ी)। हज़रत साद बिन उबादा रज़ि ने अल्लाह के दूत हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम से पूछा कि हे अल्लाह के दूत सअव, मेरी मां का निधन हो गया है उनकी ओर से कौन सा दान बेहतर रहेगा? अल्लाह के दूत हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि "पानी का दान"।

इसलिए उन्होंने एक कुआं खुदवा कर वक़्फ़ यानी उसे समर्पित कर दिया और कहा कि यह साद की मां के पुण्य, सवाब के लिए है (सुनन अबू दाऊद)। पानी पिलाना भी सबसे अच्छा दान है। प्यास बुझाने के लिए यह कार्य सबसे अच्छा दान है, सबसे अच्छी जन सेवा है। इसे एक अन्य धन्य हदीस द्वारा प्रोत्साहित किया गया है। इस सिलसिले में हज़रत सैयदना अब्दुल्ला बिन अब्बास रज़ि फ़रमाते हैं कि मैंने अल्लाह के दूत हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम से निवेदन किया कि श्रीमान कौन सा दान सबसे अच्छा है? अल्लाह के दूत हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने कहा कि "सबसे अच्छा दान पानी पिलाना है।"

हालाँकि पानी पिलाने का कार्य बहुत सरल और मामूली है, परलोक में इनाम और अल्लाह - ईश्वर की प्रसन्नता का एक बड़ा स्रोत है। बरोज़े महशर, परलोक में न्याय के दिन क्षमा मिलने का कारण भी है। इस पुण्य कर्म के फलस्वरूप मनुष्य नरक से छुटकारा पाकर स्वर्ग का अधिकारी हो सकता है। इस मामले को सहीह बुख़ारी नामक हदीस ग्रंथ में इस प्रकार से वर्णित किया गया है कि हज़रत अबू हुरैरा रज़ि के अनुसार अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने कहा कि एक आदमी चल रहा था और उस मध्य उसे प्यास लगी, वह एक कुएं में उतरा और उसने पानी पिया। कुएं से बाहर निकला तो देखा एक कुत्ता हांफ रहा है और प्यास की वजह से कीचड़ चाट रहा है उसने कहा कि इसको भी वैसी ही प्यास लगी है जैसे मुझे लगी थी, उसने मोज़ा पानी से भरा, उसे मुँह में पकड़ा, फिर ऊपर चढ़ा और कुत्ते को पानी पिलाया। अल्लाह तआला ने उसके अच्छे कामों को स्वीकार किया और उसे माफ़ कर दिया। लोगों ने पूछा हे अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम!



क्या मवेशियों (जानवरों के प्रति भलाई और दया के कार्यों) में भी हमारे लिए इनाम है? आप सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया, " हर जीवित प्राणी में पुण्य है" (सहीह बुख़ारी)। न सिर्फ इंसानों की प्यास बुझाने पर पुण्य मिलता है, बल्कि किसी प्यास से परेशान जानवर को पानी पिलाने पर भी पुण्य देने का वादा किया गया है।

हज़रत सुराक़ा रज़ि से वर्णित है कि मैं नबी सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम के अंतिम समय (मर्ज़ुल विसाल) में हाज़िरे ख़िदमत हुआ, मैंने रसूल सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम से सवालात पूछना शुरू कर दिए यहां तक कि मेरे पास प्रश्न समाप्त हो गये तो नबी सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया "कुछ और याद करो" उन प्रश्नों में से एक प्रश्न यह भी पूछा था कि हे अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम वो भटकते हुए ऊँट जो मेरे तालाब पर आएं तो क्या मुझे उनको पानी पिलाने का सवाब मिलेगा जबकि वह पानी अपने ऊँटों के लिए भरा है। अल्लाह के दूत सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया हां प्रत्येक जीवधारी (के साथ रहम करम, दया वाले कामों) में सवाब है।

रसूल हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने उन लोगों के लिए घोषणा भी की है जो अपनी आवश्यकताओं से अधिक पानी को दूसरों पर खर्च करने में कंजूसी से काम लेते हैं और दूसरों को लाभ उठाने से रोकते हैं। सैय्यदना अबू हुरैरा रज़ि से वर्णित है कि अल्लाह के दूत हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम कहते हैं कि प्रलय (क़यामत) के दिन अल्लाह तीन लोगों से बात नहीं करेगा और न ही उन पर दया की दृष्टि करेगा, एक वह व्यक्ति है जो झूठी कसम खाकर अपना माल बेचता है ताकि अधिक से अधिक उसका मूल्य प्राप्त कर सके, दूसरा वह व्यक्ति जो नमाज़े असर की झूठी क़सम खाए ताकि किसी का माल हड़प ले और तीसरा वह व्यक्ति जो अपनी आवश्यकताओं से अधिक पानी को लेने से दूसरों को रोके, ऐसे व्यक्ति को अल्लाह तआला क़यामत , प्रलय के दिन फरमाएगा कि जिस तरह तुमने दुनिया में अधिक पानी से दूसरों को रोका था जबकि उसमें तुम्हारे काम का कोई हस्तक्षेप नहीं था आज मैं तुमको अपनी दया से महरूम रखूंगा और अपनी दया कृपा तुम पर नहीं करूंगा (सही बुख़ारी)।

मुस्लिम समुदाय को उपरोक्त जानकारियों को समेट कर जो लोग पानी से महरूम हैं उन तक पानी को उपलब्ध कराने की व्यवस्था में ध्यान देना चाहिए। विशेष कर ग्रीष्म ऋतु में इस प्रकार के सेवा कार्यों की बड़ी अहमियत होती है। गलियों, बाज़ारों, सड़कों के किनारे तथा प्रतीक्षालयों में ठण्डे ताज़े पानी की व्यवस्था को बढ़ावा देना चाहिए। इस्लाम ने हम मुस्लिम समुदाय को हर जीवित प्राणी के प्रति दयालु होने का इनाम देने का वादा किया है। इसलिए जितना संभव हो इंसानों, पशु पक्षियों की सेवा में भागीदार बनना चाहिए और पशु पक्षियों के लिए भी पानी उपलब्ध कराने की व्यवस्था करना चाहिए।

## व्यंग्य

धर्मपाल महेंद्र जैन

# अस मानुस की जात

मेरे पूर्वज बंदर नहीं हो सकते। हमारी सभ्यता का यह पहला डिजिटल युग है। जेब में मोबाइल है, कंधे पर लैपटॉप है, कानों पर ईयर फ़ोन हैं, और कॉलर पर माइक लगा है। जहाँ ईश्वर नहीं है, वहाँ वाई-फाई है। हम सर्वज्ञ, सर्वगुण संपन्न मनुष्य हैं। सिर्फ वक्त की जरूरत हो तो गधे को बाप बनाते हैं। अन्यथा, हम हाथी पर बैठते हैं और शेर की खाल पर बैठ कर साधना करते हैं। देवताओं को भोग चढ़ा कर खुश रखते हैं और भूत-पलितों से बचने के लिए डोरा बाँध कर रखते हैं। बंदरों में ऐसा कोई गुण नहीं है। मैंने मनुष्य के बारे में थोड़ा और विचार किया है। धरती पर सकुशल रहने के लिए हमने जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा ले रखा है। परलोक में स्थान पाने या अगला जन्म सुधारने के लिए पंडित रख रखे हैं। कितने ही मनुष्य भगवान बन गए हैं। जो योग्यता होते हुए भी भगवान नहीं बन पाए, उन्होंने खुद को भगवान घोषित कर दिया है। कुछ तिहाड़ जैसी जेलों में भगवान बनने की परिवीक्षा पर हैं। बंदर ऐसा कुछ नहीं कर सकता।

तब भला बंदर हमारा पूर्वज कैसे हो सकता है। पिछले दिनों एक राजनेता वैज्ञानिक भी बन गए। राजनेता कुछ भी बन सकते हैं। सरकार की लुटिया डुबोनी हो तो जनतंत्र के रक्षक बन सकते हैं। वोट कबाड़ना हो तो हर बैंक खाते में पंद्रह लाख रुपये डालने का वादा कर सकते हैं। ये राजनेता लघु स्तर के मंत्री हैं तो चिंतक बन गए। उन्होंने कहा 'मनुष्य के पूर्वज बंदर नहीं थे, मनुष्य आदिकाल से मनुष्य ही रहा है।' यह बात एकदम सच है। यदि हमारे पूर्वज बंदर होते तो वे राजनीति कैसे करते। बंदर टोपी उछाल सकता है, टोपी का रंग नहीं बदल सकता। अब सारे विपक्षियों ने मोर्चा खोल दिया है। वे कह रहे हैं 'हमारे पूर्वज बंदर थे। असहिष्णु सरकार इतिहास बदलते-बदलते, विज्ञान भी बदलने लगी है।' ये विपक्षी सदा-सर्वदा बंदरों जैसा व्यवहार करते हैं। उनके पूर्वज निश्चित ही बंदर रहे होंगे। शेष विश्व के लोग ज्ञानी हैं, सरकार की हाँ में हाँ करते हैं। आदमी के पूर्वज कौन हो सकते हैं, यह समझाने के लिए मैं आपको एक कथा सुनाता हूँ। दो विमान चालकों ने अपने विमान फुल-टैंक किये और न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर से जानबूझ कर टकरा दिए। खुद मर गए और अन्य तीन हज़ार लोगों को मार डाला। मुंबई की होटल में कुछ लोग मशीनगनें चलाते घुस गए, सैकड़ों लोगों को मार डाला और खुद भी मारे गए। ऐसी घटनाओं से सिद्ध होता है कि आदमी को दूसरे आदमियों को मारने में बड़ा आनंद आता है, भले ही वह खुद मर जाये।

## आलेख

जावेद अनीस

# भूटान: सादगी का वैभव



प्रकृति की गोद में बसा भूटान एक ऐसा देश है जो खुशहाली पर जोर देता है. जहाँ पूरी दुनिया का जोर जीडीपी यानी "सकल घरेलू उत्पाद" पर होता है वहीँ भूटान अपने नागिरकों का जीवन स्तर जीएनएच यानी "सकल राष्ट्रीय ख़ुशी" से नापता है. यह एक बड़ा फर्क है जो भूटान को पूरी दुनिया से अलग करता है. भूटान की हवाओं में ऑक्सीजन की मात्रा इतनी अधिक है कि आप पूरे समय फ्रेश महसूस करते हैं, यहाँ की दीवारों और सड़कों पर आपको इश्तेहार नहीं मिलेंगें और शहरों में ना तो भव्य शॉपिंग मॉल है और ना ही ट्रैफिक लाइट की जरूरत पड़ती है. इस मुल्क में सैनिकों से ज्यादा भिक्षु है. कोई भी व्यक्ति हड़बड़ी में नहीं दिखाई पड़ता है. भौतिकवादी दुनिया से बेफिक्र यह मुल्क आत्मसंतोष और अंदरूनी ख़ुशी को ज्यादा तरजीह देता है. भारत और चीन के बीच घिरे इस छोटे से मुल्क की आबादी लगभग पौने 8 लाख है जिसमें ज्यादातर लोग बौद्ध धर्म को मानने वाले हैं, भूटान में लोकतंत्र और संवैधानिक राजशाही है. राजशाही यहाँ 1907 से है लेकिन 2008 में यहाँ के राजा ने खुद से आगे बढ़ कर लोकतंत्र की घोषणा की. शायद यही वजह है कि भूटानी अपने राजा को बहुत सम्मान की दृष्टि देखते हैं. भूटान के 'पारो' और 'थिम्फू' दो प्रमुख शहर हैं,जिसमें थिम्फू भूटान की राजधानी है, वही पारो तो जैसे सपनों का शहर है,शांत और ठहरा हुआ जो सुकून देता है. पारो घाटी से दिखने वाली सुंदरता आपको मदहोश कर देती है,यह एक ऐसा शहर है जहाँ की सादगी के वैभव में आप खो सकते हैं. पारो में भूटान का इकलौता हवाई अड्डा भी है . पारो में घुसते ही ऐसा महसूस होता है जैसे आप समय में कहीं पीछे चले गये हों, यह जाकर किसी प्राचीन नगर का अहसास होता है. पूरे शहर के साथ एक नदी भी बहती है बिलकुल साफ, पारदर्शी और शांत. पारो शहर की खासियत यहाँ की हरियाली पहाड़ी घाटियाँ है. यह एक बेफिक्र शहर है जहाँ बहुमंजिला मकान नहीं है और शहर में ही खेती भी होती है. पारो अपने रहस्यमयी टाइगर नेस्ट के लिए भी मशहूर है, 3120 मीटर की ऊंचाईपर बना टाइगर नेस्ट भूटान के सबसे पवित्र बौद्ध मठों में से एक है पारो शहर से मठ की चढाई शुरू करने की जगह करीब 12 किलोमीटर दूर है यह मठ पारो से उत्तर दिशा में 12 किमी की दूर ताकसंग नामक स्थान पर है, यहाँ से टाइगर नेस्ट तक जाने के लिए पैदल चलना पड़ता है आधे रास्ते तक घोड़े का भी इन्तेजाम हैं . लम्बी चढ़ाई के बाद टाइगर नेस्ट तक पहुचने पर आपको अनोखी शांति और रोमांचक अहसास होता है मठ पर पहुंच कर अनोखी का एहसास होता है.

## लघुकथा

प्रमोद दुबे

# शरीफ लोग

आईफोन की ट्रिंग ने बताया कि छः बज चुके हैं. अतुल यूँ तो कई बार ऑफिस का समय ख़त्म होने के बाद भी काम करता था लेकिन आज उसका मन समय से घर जाने को था. उसने वर्ड डॉक्यूमेंट का सेव बटन दबाया और स्टार्ट से शटडाउन तक का सफ़र पूरा किया. टिफ़िन बॉक्स लैपटॉप बैग के एक खाने में और दुसरे में लैपटॉप डाला, बैग कंधे पर और हाथों में कार की चाबी लिए वह ऑफिस से निकल पड़ा अभी वह कार पार्किंग की ओर बढ़ा ही था कि मनोज ने आवाज दी "मैं भी आज तेरे साथ चलूँगा".

मनोज सिन्हा उसका सहकर्मी और पडोसी था. कार का दरवाजा खोल अतुल मनोज के बैठने का इन्तजार करने लगा. "चलो एक घंटे का रास्ता थोड़ी आसानी से कट जायेगा वरना ऑफिस से घर तक एफ एम रेडियो से ही काम चलाना पड़ता", वैसे रेडियो उसे अच्छा ही लगता था पर आर जे की बकबक से उसे बड़ी कोफ़्त होती थी. मनोज मस्त मौला था. मुहल्ले, ऑफिस और दुनिया की मजेदार खबरें उसकी जुबान पर तैरती रहतीं थीं. व्हाट्स एप आने के बाद तो उसका स्टॉक काफी बढ़ गया था. कार और मनोज दोनों एक साथ ही स्टार्ट हुये. "अरे पता है, आज फिर वर्मा और उसके बेटे की लड़ाई हुई. मामला पुलिस तक पहुँच गया है" मनोज बोल उठा. बात यहाँ पर मुहल्ले के वर्मा जी की हो रही थी. उनका इकलौता बेटा कई वर्षों के बाद अमेरिका से लौटा था और पुश्तैनी घर को बेच कर माँ-बाप को फ्लैट में शिफ्ट करना चाह रहा था. सारी तकरार इसी बात को लेकर थी.

वर्मा की चर्चा पुरी होते-होते कार मेन रोड पर कई किलोमीटर आ गई थी. मनोज कोई नयी बात शुरू ही करने वाला था कि अचानक बायीं ओर से एक मोटरसाईकिल सवार तेजी से रास्ता काट कर आगे निकला. वो तो अच्छा हुआ कि अतुल ने कार झटके से दायीं ओर काट ली वरना एक जोरदार टक्कर होती. मोटरसाईकिल सवार 15-16 साल का किशोर था, पिछली सीट पर उसकी ही उम्र का उसका दोस्त बैठा था. दोनों ने मुड़कर अतुल की हड़बड़ाहट का मखौल उड़ाते हुये एक भद्दा इशारा किया और एक्सलेटर को पुरी तरह उमेठते हुये तेजी से आगे निकल गए. लड़कों की इस हरकत ने मनोज का चेहरा क्रोध से लाल कर दिया. आज कल के पेरेंट्स को बच्चों की कोई परवाह ही नहीं, इतनी कम उम्र के नासमझ को मोटरसाईकिल खरीद दी है"मनोज ने अपनी भड़ास निकाली. अतुल कुछ बोल ही न पाया वह अभी तक उस पल के सदमे में ही था. दोनों दोस्त चुप थे, मनोज नई बात कहने से पहले माहौल को थोड़ा सामान्य होने का इन्तजार करने लगा. एम जी रोड पर मुड़ते ही ट्राफिक धीमा हो गया था. सड़क पर एक तरफ छोटी सी भीड़ जमा थी. सारे वाहन भीड़ की बगल से निकल रहे थे. कई चालक गर्दन निकाले भीड़ के अंदर झाँकने की कोशिश करते धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे थे. मनोज भी उसके पीछे लपका.वहां का दृश्य बड़ा ही दर्दनाक था, जो लड़का बाइक चला रहा था वह चित पड़ा था. सर के नीचे से खून रिस रहा था, पिछला सवार औंधे मुंह गिरा था. दोनों ही बेहोश थे. भीड़ खड़ी तमाशा देख रही थी.कोई पुलिस को खबर करने के लिए कह रहा था तो कोई एम्बुलेंस के आने को इंतजार कर रहा था.अतुल के मन में क्या चल रहा था मनोज को यह भांपते जरा भी देर नहीं लगी. अतुल ने भीड़ चीर कर आगे एक कदम बढ़ाया ही था कि मनोज ने उसे पीछे खींच लिया. "क्या करते हो हम शरीफ लोग हैं, पुलिस के मामले में क्यों पड़ना" मनोज बोल उठा. अतुल ने एक बार अपना हाथ छुड़ाने की कोशिश तो जरूर की लेकिन अगले पल उसने हाथ ढीला छोड़ दिया, शायद उन लड़कों की थोड़ी ही देर पहले की करतूत याद आ गई.





*लखनऊ को प्राचीन काल में लक्ष्मणपुर और लखनपुर के नाम से जाना जाता था। कहा जाता है कि अयोध्या के राम ने लक्ष्मण को लखनऊ भेंट किया था। लखनऊ के वर्तमान स्वरूप की स्थापना नवाब आसफउद्दौला ने 1775 ई.में की थी। अवध के शासकों ने लखनऊ को अपनी राजधानी बनाकर इसे समृद्ध किया। लेकिन बाद के नवाब विलासी और निकम्मे साबित हुए। आगे चलकर लॉर्ड डलहौली ने अवध का अधिग्रहण कर ब्रिटिश साम्राज्य में मिला लिया। 1850 में अवध के अन्तिम नवाब वाजिद अली शाह ने ब्रिटिश अधीनता स्वीकार कर ली। 1775 में अवध के चौथे नवाब असिफुद्दोला या अशफ - उद - दुलाह ने अवध की राजधानी को फ़ैज़ाबाद से लखनऊ स्थानांतरित किया था। वास्तुकला की दृष्टि से अवध के नवाबों का इस शहर में काफी योगदान है, इसके अलावा उस समय के लखनऊ की मुग़ल चित्रकारी भी आज बहुत से संग्रहालय में सुरक्षित हैं। भवनों के स्तर पर बड़ा इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा, तथा रूमी दरवाज़ा मुग़ल वास्तुकला का जीता जागता उदाहरण है। हालाँकि आधुनिक प्रशासन की उपेक्षा से इन महत्त्वपूर्ण विरासतो का खंडहरों में तब्दील होने का खतरा उपस्थित हो गया है। प्राचीन अवध राज्य का विलय ब्रिटिश साम्राज्य में 1857 के सिपाही विद्रोह के फलस्वरुप हुआ था। यह शहर भारत के इस पहले व्यवस्थित स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सबसे पहले जीते गये कुछ शहरों में से था। ब्रिटिश शासकों को यह शहर अपने कब्ज़े में लेने के लिये काफी मशक्कत करनी पड़ी। लखनऊ का "शहीद स्मारक" आज भी हमें उन क्रांतिकारियों की याद ताज़ा कराता है। लखनऊ के आधुनिक वास्तुकारी में लखनऊ विधानसभा और चारबाग़ स्थित लखनऊ रेलवे स्टेशन का नाम लिया जा सकता है। विश्व के सबसे पुराने आधुनिक स्कूलों में से एक ला मार्टीनियर कॉलेज भी इस शहर में मौजूद है जिसकी स्थापना ब्रिटिश शासक क्लाउड मार्टिन की याद में की गयी थी। अहमद शाह अब्दाली के दिल्ली पर हमले के बाद शायर मीर तकी "मीर" अवध के चौथे नवाब अशफ - उद - दुलाह या असफुद्दौला के दरबार में लखनऊ चले आये थे और अपनी जिन्दगी के बाकी दिन उन्होने यहीं गुजारे थे और 20 सितम्बर 1810 को यहीं उनका निधन हुआ। सन 1902 में नार्थ वेस्ट प्रोविन्स का नाम बदल कर यूनाइटिड प्रोविन्स ऑफ आगरा एण्ड अवध कर दिया गया।*

## रत्न ज्योतिष

# मोती से लेकर मूंगा तक!



रत्न ज्योतिष में 9 ग्रहों के लिए 9 रत्न बताए गए हैं। ग्रहों के अशुभ प्रभावों को कम करने के लिए मूंगा, माणिक्य, मोती, हीरा, पन्ना समेत कुछ रत्नों को धारण करना बेहद शुभ माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार,इससे जातक को जीवन के हर क्षेत्र में आने वाली परेशानियों से राहत मिलता है और जीवन में सुख-समृद्धि और खुशियों का आगमन होता है, लेकिन कहा जाता है कि किसी भी रत्न को ज्योतिषीय सलाह के बिना नहीं धारण करना चाहिए। इससे लाभ की बजाए परेशानियां झेलना पड़ता है। इसके अलावा किसी रत्न को किसी भी दिन नहीं धारण कर लेना चाहिए। प्रत्येक रत्न को धारण करने के लिए खास दिन और नियम होते हैं। आइए जानते हैं कि किस रत्न को किस दिन धारण करना चाहिए? माणिक्यः माणिक्य सूर्य का रत्न है। माणिक्य रत्न रविवार का धारण करना चाहिए। मोतीः मोती चंद्रमा का रत्न है। कुंडली में चंद्रमा के अशुभ प्रभावों को कम करने के लिए मोती पहनने की सलाह दी जाती है। मोती को सोमवार के दिन पहनना चाहिए। पीला पुखराजः पीला पुखराज गुरु ग्रह का रत्न है। इस रत्न को गुरुवार के दिन धारण करना चाहिए। पन्नाः कुंडली में बुध ग्रह की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए पन्ना रत्न धारण करने की सलाह दी जाती है। पन्ना को बुधवार के दिन धारण करना उत्तम माना जाता है। नीलमः कुंडली में शनि के अशुभ प्रभावों को कम करने के लिए नीलम रत्न धारण किया जाता है। इस रत्न को आप शनिवार के दिन पहन सकते हैं।


# यू पाईल्स सिरप तथा पाईल्स रिलॅक्स और पाइलामृत कैप्सूल



आयुर्वेद एक जीवनशास्त्र तथा वरदानी चिकित्सा शास्त्र भी है। पाईल्स अर्थात बवासीर पर इसमे कई हजार वर्षों से सफल प्रभावी ईलाज किया जाता आ रहा है। इस पाईल्स या बवासीर को अर्श या मूलव्याध भी आयुर्वेद में कहा गया है। शिवशंकर आयुर्वेद एजेंसी सीताबर्डी नागपुर द्वारा निर्मित एक वितरित यू पाईल्स सिरप तथा पाइल्स रिलैक्स और पाईलामृत कैप्सूल पाइल्स पर अच्छा आराम देते हुए पाए गए है. पाइल्स या मूलव्याधि समूल नष्ट नहीं होगा. इसे पथ्य और औषधि सेवन से शांत किया जा सकता है. शल्य क्रिया करके भी पाइल्स फिर अपथ्य करने से पुनरुद्भव हो सकता है. उसको पथ्यापथ्य से और औषधी सेवन से ठीक किया जा सकता है। शल्यक्रिया (ऑपरेशन) करके भी पाईल्स फिर अपथ्य सेवन करने से पुनरुद्भव हो सकता है। परंतु पथ्यापथ्य के पालन एवं यु पाईल्स सिरप 20ml + आधे कप पानी के साथ और एक कैप्सूल पाइल्स रिलैक्स एव पाईलामृत की सुबह और शाम खाने के बाद सेवन करने से पाइल्स में अच्छा लाभ होते हुए देखा गया है. शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक के अनुभवी मार्गदर्शक वैद्यो को अनुभव आया है। तथा इच्छुक व्यक्ति शिवशंकर आयुर्वेदिक एजंसी अथवा शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक के अनुभवी वैद्यो की अनुभवी सलाह से परामर्श कर उपयुक्त यू पाइल्स सिरप एवम पाइल्स रिलैक्स और पायलाम्रुत कॅप्सुल्स का सेवन करके अपनी समस्या का समाधान पाए.





सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनी क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000/8605245080.


नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025

# जिला चंद्रपुर-गढ़चिरोली



## विधायक जोरगेवार की पहल पर आयोजित शिविर में प्रशिक्षित विद्यार्थियों ने लाठियों के साथ किया शक्ति प्रदर्शन



## शिवाजी को भावपूर्ण आदरांजलि दी, विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**चंद्रपुर, सुनील तायडे.**

छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक किशोर जोरगेवार की पहल पर लाठी-काठी का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्रों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। छात्रों ने लाठी के कौशल से अपने युद्ध कौशल के लिए प्रसिद्ध छत्रपति शिवाजी महाराज को आदरांजलि दी। विधायक किशोर जोरगेवार ने इन सभी विद्यार्थियों को 'अम्मा का टिफिन' देकर सम्मानित किया। इस लुप्त होते खेल को बढ़ावा देने का काम भारतीय जनता पार्टी के विधायक किशोर जोरगेवार कर रहे हैं। इस उद्देश्य के लिए उन्होंने नेहरू विद्यालय में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया।

इस शिविर में प्रशिक्षक मेघा राहुल मुधोलकर ने लगभग 30 युवक-युवतियों को प्रशिक्षण दिया। विधायक किशोर जोरगेवार ने कहा कि यह शिविर भविष्य में भी जारी रहेगा। शिव जयंती के अवसर पर आज छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर यह विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जैसे ही विधायक किशोर जोरगेवार कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, छात्रों ने लाठी-काठी से प्रदर्शन किया और छत्रपति शिवाजी महाराज को आदरांजलि दी।

इस बार विधायक किशोर जोरगेवार ने छात्रों की प्रशंसा की और उनका उत्साहवर्धन किया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत प्रदर्शन शिवकालीन युद्धकला का उत्कृष्ट प्रदर्शन था। यह प्रशिक्षण पहल इसलिए आयोजित की गई है ताकि नई पीढ़ी छत्रपति शिवाजी महाराज के कौशल, युद्ध तकनीक और बहादुरी को आत्मसात कर सके। इस अवसर पर विधायक किशोर जोरगेवार ने कहा, "इस प्रशिक्षण से छात्राओं में आत्मरक्षा कौशल का विकास होगा और उनमें आत्मविश्वास आएगा।

## मुख्यमंत्री वयोश्री योजना



### > जिन पात्र लाभार्थियों के खाते में राशि जमा नहीं हुई, वे अपना आधार कार्ड बैंक खाते से लिंक कराएं

**चंद्रपुर.** सामाजिक न्याय विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री वयोश्री योजना के लिए पात्र हुए परंतु खाते में राशि जमा नहीं कराने वाले लाभार्थियों से सामाजिक न्याय विभाग ने अपील की है कि वे अपने आधार कार्ड को बैंक खाते से लिंक कराएं।

राज्य के 65 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को अपने दैनिक जीवन में सामान्य रूप से रहने में सक्षम बनाने तथा आयु-जनित विकलांगताओं और दुर्बलताओं से निपटने के लिए, पात्र बुजुर्ग लाभार्थियों को उनकी शारीरिक विकलांगता, कमजोरियों के अनुसार चश्मा, श्रवण यंत्र, ट्राइपॉड स्टिक, व्हील चेयर, फोल्डिंग वॉकर, कमोड चेयर, घुटने के ब्रेसेस, लम्बर बेल्ट, सरवाइकल कॉलर आदि प्रदान किए जाते हैं। मुख्यमंत्री वयोश्री योजना के अंतर्गत आवश्यक सहायक उपकरणों की खरीद के लिए 3,000 रुपये की एकमुश्त सहायता प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री वयोश्री योजना के अंतर्गत पात्र वरिष्ठ नागरिकों को डीबीटी प्रणाली के माध्यम से लाभ प्रदान किया गया है।

हालांकि सहायक आयुक्त समाज कल्याण ने उन लाभार्थियों से अपील की है कि जो पात्र हैं लेकिन उनका आधार नंबर उनके बैंक खाते से लिंक नहीं हुआ है या आधार मैपिंग नहीं हुई है और कुछ लाभार्थी जिनके आधार कार्ड सक्रिय नहीं हैं, वे अपने आधार नंबर को अपने बैंक खाते से लिंक करा लें।

# ओबीसी, एनटी, वीजे, एसबीसी समुदायों की लंबित मांगों को पूरा कराने कलेक्टर कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन...

**गढ़चिरोली.**



राज्य के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री (गृह) 29 सितंबर 2023 को मुंबई में उपमुख्यमंत्री (वित्त) की उपस्थिति में राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ और अन्य ओबीसी संगठनों के पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक और ओबीसी योद्धा रविंद्र टोंगे की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के अंत में राज्य सरकार ने आश्वासन दिया था कि 29 सितंबर 2023 की बैठक की लंबित मांगों का तुरंत समाधान किया जाएगा, लेकिन उनमें से कुछ अभी भी लंबित हैं और ओबीसी की कई मांगें केंद्र सरकार के पास भी लंबित हैं।

यह स्पष्ट करना है कि इन सभी मांगों का तुरंत समाधान किया जाना चाहिए। 20 फरवरी 2025 को गढ़चिरोली में जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने दोपहर 12 से 3 बजे तक धरना प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर गढ़चिरौली विधानसभा के मौजूदा विधायक डॉ. मिलिंद नरोटे ने धरना स्थल का दौरा किया और ओबीसी की समस्याओं के बारे में जाना तथा उपस्थित लोगों को आश्वासन दिया कि वे इन समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान करेंगे। लंबित मांगों को जिला कलेक्टर के माध्यम से महाराष्ट्र राज्य के महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार, बहुजन कल्याण मंत्री अतुल सावे, महाराष्ट्र के मुख्य सचिव, ओबीसी विभाग के प्रधान सचिव के साथ- साथ केंद्र सरकार की ओर से लंबित मांगों को लेकर महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मुजी, निवेदन भेजा गया। इस दौरान एक निवेदन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, सामाजिक न्याय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, केंद्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर को भी भेजा गया। इस आंदोलन में बड़ी संख्या में ओबीसी, वीजे, एनटी और एसबीसी समुदाय के लोग शामिल हुए, जिनमें राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. शेषराव येलेकर, जिला अध्यक्ष दादाजी चौधरी, उपाध्यक्ष प्रो. देवानंद कामडी, पांडुरंग घोटेकर, जिला महासचिव सुरेश भांडेकर, कोषाध्यक्ष डॉ. सुरेश लडके, जिला संगठक चंद्रकांत शिवणकर, शंकर चौधरी, गढ़चिरोली तालुका अध्यक्ष सुधीर रोहनकर, जिला युवा अध्यक्ष राहुल भांडेकर, जिला महिला अध्यक्ष मंगला कारेकर, युवा जिला अध्यक्ष संतोषी सुत्रपवार, अधिकारी एवं कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष विलास मस्के, महेंद्र लटारे, शरद पाटिल ब्राह्मणवाडे, घनश्याम जक्कुलवार, विजय गिरसावले, दादाजी चपले, पांडुरंग नागापुरे, गोविंद बनबाले, देवेंद्र फुल्लेले, राजेंद्र उरकुडे, शालिकरामजी चपले, सुनील दिवासे, नाजिकी खारकर, मारुति दूधबावरे लुमाजी गोहने, प्रफुल अंबोरकर, शालिग्राम विधाते, कुणाल निंबालकर, ताराचंद भांडेकर, करमचंद भोयर, किरणकुमार शेंडे, जयंत बल्लमवार, नरेंद्र पुसडेकर, विमल भोयर, मनीषा निकोडे, सुधा चौधरी, लोमेश म्हशाखेत्री, दुशांत कुनघाड़कर, अजय सोमनकर, सविता मोहुर्ले, कमल गेडेकर, नंदा चुटे, हर्षलता येलमुले, मनीषा बुटे, हरिदास कोटरंग, परमानंद पुनमवार, राजेंद्र हिवरकर, प्रीति येरेकर, पंकज खोबे, तेजस कोंडेकर, राहुल वैरागड़े, प्रफुल बारसागड़े, बादल गडपले, प्रभाकर भागड़कर, हेमंत जम्बेवार, मधुकर लांजेकर, अनिल पोहनकर, विजय रोडे, राजेंद्र गोहाने, अजय सोमनकर, विनोद लेंगुरे आदि सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# छत्रपति शिवाजी महाराज की जीवनी देश की प्रगति के लिए मार्गदर्शक: मुनगंटीवार

### > चंद्रपुर, बल्लारपुर, दुर्गापुर में शिव जयंती समारोह का शानदार आयोजन

**चंद्रपुर, सुनील तायडे.**



छत्रपति शिवाजी महाराज का कुशल प्रशासन, उनकी योजना शैली और युद्ध कला में उनकी विशेषज्ञता हमें हर कदम पर मार्गदर्शन करती रहती है। शिवाजी महाराज का संपूर्ण जीवनचरित्र देश की प्रगति के लिए मार्गदर्शक है, ऐसा राज्य के पूर्व वन, सांस्कृतिक मामले एवं मत्स्य पालन मंत्री, विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर सभी को शुभकामना दी. छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती समारोह चंद्रपुर, बल्लारपुर और दुर्गापुर में आयोजित किए गए। यह महोत्सव भाजपा महानगर द्वारा चंद्रपुर के गिरनार चौक में, मराठा महासंघ द्वारा पुलिस कल्याण हॉल में तथा शिव संकल्प सामाजिक बहुउद्देशीय संस्था द्वारा बाबूपेठ में आयोजित किया गया। बल्लारपुर के रविन्द्र नगर वार्ड में, चंद्रपुर के माता कन्नमवार चौक में महोत्सव में तथा दुर्गापुर पुलिस स्टेशन के पास छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा अनावरण समारोह का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में मुनगंटीवार मुख्य अतिथि थे। इसके अलावा एमडीआर मॉल में रवीश सिंह द्वारा आयोजित फिल्म 'छावा' की स्क्रीनिंग में भी सुधीर मुनगंटीवार मुख्य अतिथि थे। हमने 750 वर्षों से अधिक पुराना गुलामी का इतिहास देखा है। सर्वत्र अंधकार था। इस प्रकार, शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी, 1630 को शिवनेरी में हुआ था। उनमें सूर्य से भी अधिक तेज था। महाराज ने 750 साल की गुलामी के निशान मिटा दिए और दिखा दिया कि भारत माता के सपूतों में कितनी ताकत हो सकती है। छत्रपति शिवाजी महाराज में बुद्धि, भक्ति और शक्ति का त्रिगुणात्मक संगम था। जब गौशाला की गायें और घर की माताएँ मुगल आक्रमण से खतरे में थीं, तब हजार सूर्यों के समान तेज वाले शिव का जन्म हुआ। छत्रपति शिवाजी महाराज ने भवानी तलवार की चमक दिखाई। इन शब्दों में, संगठनात्मक कौशल, नैतिकता और दृढ़ संकल्प में उनकी महारत थी। विधायक मुनगंटीवार ने महाराज की महानता की जमकर प्रशंसा की। दृढ़ निश्चय और संकल्प महाराज के सबसे बड़े गुण थे। उन्होंने यह भी कहा कि चाहे कितने भी संकट आए, छत्रपति कभी नहीं डगमगाए। छत्रपति शिवाजी महाराज के योजना कौशल के बारे में उन्होंने कहा कि, 'छत्रपति शिवाजी महाराज की योजना को पढ़ाया जाना चाहिए। छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपनी योजना के माध्यम से जहाज, नाव और तोपें बनवाईं। अफ़ज़ल खान का सामना करते समय उन्होंने प्रभावी ढंग से योजना बनाई। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वियतनाम जैसा देश हमें छत्रपति शिवाजी महाराज की योजना का पाठ पढ़ा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि जेएनयू में छत्रपति शिवाजी महाराज की योजना के अध्ययन के लिए धनराशि उपलब्ध करा दी गई है। उन्होंने राज्य के सांस्कृतिक मामलों के मंत्री के रूप में 350वें राज्याभिषेक समारोह का आयोजन करने का सौभाग्य प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि, 'स्कूल के शिक्षकों ने हमें बताया था कि महाराज ने अफजल खान का पेट से कैसे अंतड़ी निकाली. मैं उन कहानियों को सुनते हुए बड़ा हुआ हूं। 29 जुलाई 1953 से अफजल खान की कब्र पर अतिक्रमण हटाने की मांग और विरोध प्रदर्शन शुरू हो गये। लेकिन किसी भी सरकार ने इसे हटाया नहीं। मुझे खुशी है कि चंद्रपुर के बेटे के रूप में मुझे उस अतिक्रमण को हटाने का सौभाग्य मिला है। अफजल खान लाखों सैनिकों के साथ आया और आतंक फैलाया। लेकिन महाराज ने अपने पंजों से उसकी अंतड़ी बाहर खींच ली। मुझे सौभाग्य मिला कि मैं उन बाघ के पंजों को लंदन संग्रहालय से भारत ला सका। मुझे ऐसा महसूस हुआ कि जब उन्होंने पहली बार बाघनख को देखा तो उन्हें अपार ऊर्जा प्राप्त हुई।







# कोठी क्षेत्र के पोयारकोठी और मरकनार गांवों में माओवादियों का प्रवेश वर्जित

## ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपी 2 भरमार बंदूकें

**भामरागड़.**

भामरागड़ उपविभागीय पुलिस अधिकारी श्री. अमर मोहिते और डाकघर के प्रभारी अधिकारी शरद काकलिज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नक्सल गांव बंद प्रस्ताव पारित करने वाले गांव के निवासियों से विशेष पुलिस महानिरीक्षक (नक्सल विरोधी अभियान) संदीप पाटिल, पुलिस उप महानिरीक्षक अंकित गोयल, पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अभियान) यतीश देशमुख और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (प्रशासन) एम. रमेश ने अबूझमाड़ वन क्षेत्र के अन्य गांवों के निवासियों को बधाई दी और प्रशासन से अपील की कि वे माओवादियों के झूठे प्रचार का शिकार हुए बिना गढ़चिरौली जिले को माओवाद मुक्त जिला बनाने के लिए इसी तरह की सहायता प्रदान करें।

विस्तृत रिपोर्ट में पाया गया है कि सरकार माओवाद को पूरी तरह से खत्म करने के लिए विभिन्न योजनाएं लागू कर रही है। सरकार द्वारा 2003 से नक्सल ग्राम बंदोबस्ती योजना शुरू की गई है।

इस योजना के अनुरूप, गढ़चिरोली पुलिस बल के माध्यम से पुलिस दादालोरा विंडो के माध्यम से प्रोजेक्ट उड़ान के तहत प्रदान की गई विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने से नागरिकों का पुलिस बल पर विश्वास बढ़ा है और माओवाद का असली चेहरा जनता के सामने आया है। यही कारण है कि पिछले कुछ महीनों में गढ़चिरोली जिले के सुदूर इलाके मौजा पेनगुंडा समेत कुल 20 गांवों ने सर्वसम्मति से माओवादियों पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित किया है। इससे गढ़चिरोली के लोगों का सरकार पर भरोसा उजागर हुआ है। शुक्रवार को भामरागड़ उपविभाग के कोठी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मौजा पोयारकोठी के ग्रामीणों के लिए पुलिस बल द्वारा आयोजित एक बैठक के दौरान ग्रामीणों ने एकजुट होकर सर्वसम्मति से थाना कोठी के प्रभारी अधिकारी को गांव से माओवादियों पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव सौंपा। इस समय 70 से 75 ग्रामीण उपस्थित थे। इसके साथ ही ग्रामीणों ने थाने को 2 भरमार बंदूकें भी सौंपी हैं और भरोसा दिलाया है कि वे माओवादियों के खिलाफ लड़ाई में पुलिस बल के साथ खड़े हैं। साथ ही, इसी माह दिनांक 09/02/2025 को थाना कोठी में ग्रामीणों के लिए आयोजित जनसंपर्क बैठक के दौरान नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उनका लाभ उठाने की अपील की गई। इस बैठक के दौरान मौजा मरकनार के नागरिकों ने भी एकजुट होकर के प्रभारी अधिकारी को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव सौंपा, जिसमें गांव में माओवादियों पर प्रतिबंध लगाने की बात कही गई। इस मौके पर बैठक के दौरान मौजा मरकनार के 55 से 60 नागरिक उपस्थित थे।

ये गांव गढ़चिरोली जिले के अंतिम छोर पर स्थित हैं और अबूझमाड़ क्षेत्र के बहुत करीब हैं, जिसे माओवादियों का गढ़ माना जाता है और अतीत में इन गांवों पर माओवादियों का दबदबा था। इसलिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को उन तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इस बैठक के दौरान डाकघर के प्रभारी अधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओं को समझते हुए कहा कि गढ़चिरौली पुलिस बल उनका दृढ़तापूर्वक समर्थन करता है और सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के महत्व पर जोर दिया।

इसके साथ ही उन्होंने माओवादियों से डरे बिना या उनके दबाव में आए बिना लोगों को समझाया कि वे अपने बच्चों के भविष्य के बारे में सोचते हुए माओवादियों को किसी भी प्रकार की मदद न करें। ग्रामीणों ने यह भी वादा किया है कि वे अब गांव के माध्यम से माओवादी संगठन को भोजन/राशन/पानी उपलब्ध नहीं कराएंगे, उन्हें किसी भी प्रकार की सहायता नहीं दी जाएगी, गांव के नागरिक और युवा माओवादी संगठन के किसी भी प्रकार के कार्य या प्रशिक्षण में भाग नहीं लेंगे, वे माओवादियों को गांव के जंगली क्षेत्र में नहीं रहने देंगे और वे माओवादी बैठकों में नहीं जाएंगे।




CMYK



# आश्रम 3 का धांसू ट्रेलर रिलीज

क्राइम-थ्रिलर वेब सीरीज 'आश्रम 3 पार्ट 2' का मोस्ट अवेटेड ट्रेलर रिलीज हो गया है. फैंस लंबे समय से इस सीरीज के नए पार्ट का इंतजार कर रहे थे, और अब ट्रेलर ने उनके एक्टाइटमेंट को और बढ़ा दिया है. इस बार बॉबी देओल फिर से बाबा निराला के किरदार में नजर आएंगे, जबकि अदिति पोहनकर पम्मी के रूप में एक अलग अंदाज में दिखाई देंगी. ट्रेलर में दिखाया गया है, कि बाबा निराला एक बार फिर अपने भक्तों को अंधभक्ति के जाल में फंसाने के लिए तैयार हैं. वहीं, पम्मी अब बदला लेने के मूड में आ गई है. अपने साथ हुए अन्याय का हिसाब चुकाने के लिए वह भोपा स्वामी के करीब जाएगी, और आश्रम की नींव हिला देगी. दिलचस्प बात यह है, कि इस बार भोपा भी बाबा निराला का दुश्मन बनता नजर आएगा.

प्रकाश झा द्वारा निर्देशित 'आश्रम 3 पार्ट 2' में बॉबी देओल और अदिति पोहनकर के अलावा कई दमदार कलाकार नजर आएंगे. इस सीरीज में चंदन रॉय सान्याल, दर्शन कुमार, विक्रम कोचर, अनुप्रिया गोयनका, त्रिधा चौधरी, राजीव सिद्धार्थ और ईशा गुप्ता भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे. इससे पहले रिलीज हुए तीनों सीजन को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, और अब यह नया पार्ट भी एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है.

बॉबी देओल के वर्कफ्रंट की बात करें, तो वह आखिरी बार फिल्म 'डाकू महाराज' में नजर आए थे. आने वाले समय में वह कई बड़े प्रोजेक्ट्स का हिस्सा होंगे, जिनमें 'हरि हर वीरा मल्लूः भाग 1' , मल्टी-स्टारर फिल्म 'हाउसफुल 5' , 'अल्फा' और तमिल फिल्म 'थलपति 69' शामिल हैं. बहरहाल, फैंस अब बेसब्री से 'आश्रम 3 पार्ट 2' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, ताकि वे बाबा निराला और पम्मी की इस नई टकराव भरी कहानी को देख सकें.

# 'डब्बा कारटेल' में सास का कड़ा फैसला

## बहू ने किया विरोध



नेटफ्लिक्स की लेटेस्ट क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज डब्बा कार्टेल का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस सीरीज में शालिनी पांडे, शबाना आजमी और ज्योतिका ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लेकिन क्या आप जानते हैं इस सीरीज से एक एक्ट्रेस को बहार निकलवाना चाहती थीं शबाना आजमी, जानें कौन है वो एक्ट्रेस?

डब्बा कार्टेल में आम महिलाओं की कहानी है जो अपनी डब्बा यानी टिफिन सेवा का इस्तेमाल मुंबई में ड्रग्स की तस्करी के लिए करती हैं। 'नार्कोस ठाणे' नाम से मशहूर इस शो में पारिवारिक ड्रामा को नारकोटिक्स थ्रिलर के साथ जोड़ा गया है।

इस ट्रेलर में दर्शाया गया है कि कैसे राजी का चरित्र अपने अनुभवों के चलते पूरी तरह से बदल जाता है। आने वाले समय में हम देखेंगे कि कहानी में और क्या मोड़ आते हैं। इसे हितेश भाटिया ने डायरेक्ट किया है। एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित का प्रीमियर 28 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर होगा।

इस सीरीज के बारे में बात करते हुए शबाना आजमी ने कहा, "मुझे एक बात कबूल करनी है। इस शो में दो अभिनेत्रियां हैं जिन्हें मैं हटाना चाहती थी। एक ज्योतिका है। वो यह नहीं जानती लेकिन मैं वास्तव में उसे बाहर करना चाहती थी और किसी और को कास्ट करना चाहती थी। मैंने उनसे (फरहान और शिवानी से) कहा कि किसी और को कास्ट करते हैं।" शबाना के इस बयान पर ज्योतिका हंस पड़ीं, लेकिन दिग्गज अभिनेता ने कहा, "लेकिन शुक्र है कि वे नहीं माने। मेरी बहू शिवानी ने कहा 'जो करना है करो, लेकिन हम कास्ट नहीं बदल रहे हैं' और मैं आभारी हूं कि उन्होंने मेरी बात नहीं सुनी, क्योंकि इससे मैं उनके साथ काम करने का मौका खो देता।" जब उनसे पूछा गया कि दूसरी लड़की कौन थी, तो शबाना ने बस इतना कहा, "वो यहां नहीं है।"

# सुजहल द वोर्टेक्स 2 का ट्रेलर हुआ रिलीज



साउथ इंडियन वेब सीरीज 'सुजहल- द वोर्टेक्स-2' का ट्रेलर आ गया है। क्रिटिकली एक्लेमड तमिल क्राइम-थ्रिलर ओरिजिनल सीरीज सुजहल- द वोर्टेक्स-2 के ट्रेलर में रहस्य और रोमांच का रोमांच है।

'सुजहल द वोर्टेक्स' सीजन 2 तमिलनाडु के काल्पनिक गांव कालीपटनम में अष्टकाली उत्सव के दौरान घटने वाली घटनाओं पर आधारित है। ये एक क्राइम-थ्रिलर वेब सीरीज है, जिसमें रहस्य और सस्पेंस से भरी कहानी देखने को मिलेगी। इस वेब सीरीज को पुष्कर और गायत्री ने लिखा और प्रोड्यूस किया है, जबकि ब्रह्मा और सरजुन केएम ने इसे डायरेक्ट किया है। इस सीजन में भी शानदार कलाकारों की दमदार टोली देखने को मिलेगी।

काथिर और ऐश्वर्या राजेश लीड रोल में वापसी कर रहे हैं। उनके अलावा लाल, सरवनन, गौरी किशन, संयुक्ता विश्वनाथन, मोनिशा ब्लेसी, रिनी, श्रीशा, अभिराम बोस, निखिला शंकर, कलैवानी भास्कर जैसे स्टार्स भी हैं।

'सुजहल – द वोर्टेक्स -2' तमिल, तेलुगु, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ में उपलब्ध होगी। ये इंग्लिश सबटाइटल्स के साथ भी देखी जा सकेगी। इस सीरीज का ग्लोबल प्रीमियर 28 फरवरी 2025 को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर होगा।

# 'मेरे कुत्ते की भी 2 गर्लफ्रेंड हैं'

## आर्य ने किया भाई प्रतीक पर तंज



फरवरी 2025 को वैलेंटाइन डे के मौके पर अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड प्रिया बनर्जी संग शादी रचा ली। प्रतीक दिवंगत अभिनेत्री स्मिता पाटिल और राज बब्बर के बेटे हैं। हालांकि इस खास मौके पर उन्होंने अपने परिवार को शामिल नहीं किया। उनकी दूसरी शादी पर तंज कसा है। उनका ये कमेंट सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा हैं। प्रतीक बब्बर ने अपनी दिवंगत मां स्मिता पाटिल के बांद्रा स्थित घर में बेहद प्राइवेट तरीके से शादी की। इस शादी में सिर्फ कुछ करीबी दोस्त ही मौजूद थे। लेकिन इस इंटीमेट वेडिंग में राज बब्बर और उनके परिवार का कोई सदस्य शामिल नहीं हुआ। इस पर उनके सौतेले भाई आर्य बब्बर ने अपनी नाराजगी भी जाहिर की।

जैसे ही प्रतीक की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर आई, आर्य बब्बर ने एक मजेदार वीडियो शेयर किया और चुटकी लेते हुए कहा, कि "मेरे पापा (राज बब्बर) ने दो शादियां कीं, मेरी बहन (जुही बब्बर) ने भी दो शादियां कीं अब मेरा भाई (प्रतीक बब्बर) भी दूसरी बार शादी कर रहा है। घर में सबने ट्रेंड बना लिया है।"

आर्य बब्बर ने उसी वीडियो में हंसते हुए कहा, "मेरी मां रोज फोन कर पूछती हैं कि अब क्या मुझे पंजाबी सीखनी होगी? तो मैंने कहा- आप दूसरी शादी कर लो। घर में सभी की दो-दो शादियां हो चुकी हैं। यहां तक कि मेरे कुत्ते की भी दो गर्लफ्रेंड हैं तो मैं भी दूसरी बार शादी करने में नहीं सोचूंगा। लेकिन मैं बहुत आलसी हूं तलाक की जो कॉम्पलिकेशंस हैं।" प्रतीक बब्बर की इस शादी से ज्यादा उनके भाई आर्य के मजेदार तंज सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं।

# महाकुंभ में शूटिंग करते दिखे अभिषेक

अभिषेक बनर्जी इन दिनों प्रयागराज में अपनी नई फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। हाल ही में उनकी कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। तस्वीरों में एक्टर लाखों लोगों की भीड़ के बीच शूटिंग करते दिखाई दे रहे हैं। अभिषेक बनर्जी महाकुंभ के दौरान नए प्रोजेक्ट की शूटिंग करते दिखाई दिए। उनके आसपास सिक्योरिटी भी नजर आई। फिलहाल इस फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। फिल्म के नाम और कहानी को भी गोपनीय रखा गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऐसा कहा जा रहा है कि यह उनकी अब तक की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक होगी। प्रयागराज में जारी महाकुंभ में अभिषेक के साथ उनकी को-एक्टर शहाना गोस्वामी भी नजर आईं। दोनों फिल्म की टीम के साथ शूटिंग करते दिखाई दिए। साथ ही अभिषेक बनर्जी जल्द ही राजकुमार राव के डेब्यू प्रोडक्शन में बन रही फिल्म में कैमियो करेंगे। एक्टर ने एक इवेंट में बताया था कि वो राजकुमार राव के डेब्यू प्रोडक्शन में कैमियो करने के लिए क्यों तैयार हुए।

# मेहंदी फंक्शन में जमकर नाचीं आलिया

## करीना-करिश्मा ने लूटी महफिल



कपूर खान के लाडले आदर जैन की शादी के फंक्शन शुरू हो चुके हैं. क्रिश्चियन वेडिंग के बाद अब हिंदू रीति-रिवाज से शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं. आदर जैन और अलेखा आडवाणी की बीते दिनों मेहंदी सेरेमनी हुई. इस खास मौके पर पूरा कपूर परिवार पहुंचा हुआ था. जहां करीना कपूर और करिश्मा कपूर एक साथ फंक्शन में पहुंचे थे. तो वहीं दूसरी ओर आलिया भट्ट अपनी मम्मी सोनी रजदान और पति रणबीर कपूर के साथ फंक्शन में आईं. जबकि नीतू कपूर अपनी बेटी रिद्धिमा सहनी के साथ मेहंदी सेरेमनी में दिखीं. अब इस फंक्शन का एक वीडियो वायरल हो रहा है. जहां भाई रणबीर कपूर और भाभी आलिया भट्ट ने जमकर डांस किया.

अपने मेहंदी के फंक्शन में आदर जैन ने बॉलीवुड के हिट गानों पर जबरदस्त परफॉर्मेंस दी. जिसके बाद नीतू कपूर, रणबीर, करिश्मा, करीना, आलिया भट्ट और दुल्हन अलेखा ने भी पंजाबी गानों पर डांस किया.

आदर जैन और अलेखा आडवाणी के मेहंदी फंक्शन से एक वीडियो वायरल हो रहा है. इसमें वो सिंगर सुखबीर के गाने 'तारे गिन-गिन याद में तेरी' पर डांस करते हुए नजर आए हैं.

इस वीडियो में पहले करिश्मा और करीना कपूर डांस फ्लोर पर जाती दिख रही हैं. उसके बाद आलिया भट्ट और रणबीर कपूर भी इस गाने पर जमकर झूमते दिखे. जिसके बाद आखिरी में दूल्हा-दुल्हन आदर और अलेखा भी डांस फ्लोर पर सबको ज्वाइन करते हैं. दरअसल इस फंक्शन में करीना कपूर काफी जच रही थीं. उन्होंने मल्टीकलर काफ्तान ड्रेस पहनी हुई थी. हालांकि, साथ में सैफ अली खान नजर नहीं आए, न ही तैमूर और जेह इस फंक्शन में दिखाई दिए. दूसरी ओर करिश्मा कपूर एकदम पंजाबी कुड़ी बनकर वहां पहुंची थीं. पिंक सूट और बालों में परांदा लगाकर महफिल लूट ली. हालांकि, आलिया भट्ट का काफी मजाक उड़ रहा है. दरअसल वो शरारा-सूट पहनकर पहुंची थीं. लेकिन चोटी पर ब्लू रिबन लगा दिखा, जिसके बाद से ही सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रही हैं. आदर जैन और अलेखा आडवाणी लंबे वक्त से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं. पिछले महीने कपल ने गोवा में क्रिश्चियन रीति-रिवाज से शादी की थी. अब हिंदू रीति-रिवाजों में परिवार वालों के सामने दोनों शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं. शादी के फंक्शन शुरू हो चुके हैं.

# हिना खान का साथ देकर फंसीं अंकिता लोखंडे

## रोजलिन ने दर्ज कराया मानहानि का केस



एक्ट्रेस रोजलिन खान हिना खान की तरह एक कैंसर सर्वाइवर हैं. उन्होंने हिना खान के कुछ स्टेटमेंट को लेकर सवाल उठाए थे. उन्होंने दावा किया था कि जिस कैंसर के सफर को हिना खान की तरफ से लोगों के सामने पेश किया जा रहा है, जो ट्रीटमेंट हिना बता रही हैं, वो इतनी भी आसान नहीं है. यही वजह है कि उन्होंने हिना खान को उनके सवालों का जवाब देने की अपील की थी. लेकिन हिना की तरफ से रोजलिन को कोई जवाब नहीं दिया गया था. लेकिन उनकी इस हरकत पर अंकिता लोखंडे ने उन पर निशाना साधा था. अब रोजलिन ने अंकिता लोखंडे के खिलाफ अंधेरी कोर्ट में अपने वकील अली काशिफ खान के साथ मिलकर मानहानि का मुकदमा दायर किया है.

इस पूरे मामले के बारे में बात करते हुए रोजलिन खान के वकील ने कहा, "हमने अंकिता लोखंडे के खिलाफ क्रिमिनल डेफेमेशन (मानहानि) केस फाइल किया है. रोजलिन एक कैंसर पेशेंट हैं और वो फिलहाल कई मुश्किलों का सामना कर रही हैं. उन्होंने इन दिनों कुछ लोगों को एक्सपोज करने का फैसला लिया है. कुछ लोग ये झूठ बताते हैं कि उन्हें कैंसर है. तो ऐसे भी कुछ लोग हैं जो स्टेज 2 या स्टेज 3 कैंसर को स्टेज 4 बताते हैं. ऐसे लोगों को रोजलिन एक्सपोज करना चाहती हैं. लेकिन अंकिता लोखंडे ने उनके इस काम को 'चीप स्टंट' कहा."

आगे उन्होंने बताया कि हमने अंकिता लोखंडे ने रोजलिन के खिलाफ जो बातें कही थीं, उनके स्क्रीनशॉट कोर्ट के सामने पेश किए हैं. रोजलिन अपना काम कर रही थीं. अंकिता ने थर्ड पार्टी बनकर उन्हें परेशान किया है और इसलिए हमने उनपर ये केस दायर किया है.

कोर्ट के बाहर मीडिया से की बातचीत में रोजलिन खान और उनके वकील अली काशिफ देशमुख दोनों ने हिना खान का नाम नहीं लिया. हालांकि इस पूरे मामले की शुरुआत हिना खान से ही हुई थी. लेकिन रोजलिन और उनके वकील ने हिना खान का नाम न लेते हुए सिर्फ यही बताया कि रोजलिन कुछ लोगों को एक्सपोज करने की कोशिश कर रही हैं, जो कैंसर जैसी बीमारी का फायदा उठा रहे हैं और इसके बारे में गलत जानकारी पेश कर रहे हैं.

# श्वेता तिवारी ने ब्लैक ड्रेस में लगाए ठुमके



टीवी की मशहूर एक्ट्रेस श्वेता तिवारी अपनी एक्टिंग के साथ-साथ अपनी फिटनेस और ग्लैमरस अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं. हाल ही में उनका एक डांस वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वे जबरदस्त अंदाज में डांस करती नजर आ रही हैं.श्वेता तिवारी ने अपने इस वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, 'ब्लैक में वुमेन'. वीडियो में वह अपनी एक दोस्त के साथ नजर आ रही हैं. उन्होंने ब्लैक टॉप और ब्लैक पैंट पहना हुआ है, साथ ही अपने हेयर नो मेकअप लुक में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं. वीडियो में श्वेता एक इंग्लिश गाने पर बेहतरीन डांस मूव्स दिखा रही हैं, और इसे खूब एंजॉय कर रही हैं.

श्वेता के इस वीडियो पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं. एक यूजर ने लिखा, 'श्वेता आपकी ब्यूटी की कोई लिमिट नहीं है.', वहीं, कई फैंस ने 'शानदार, जबर्दस्त और फायर' जैसे कमेंट्स किए हैं. श्वेता तिवारी ने अपने करियर में कई बेहतरीन शोज किए हैं. उन्हें सबसे ज्यादा पॉपुलैरिटी 'कसौटी जिंदगी की' में प्रेरणा के किरदार से मिली. इसके अलावा उन्होंने 'बिग बॉस 4' जीतकर भी खूब सुर्खियां बटोरी थीं. वह 'हम तुम एंड देम' , 'मैं हूं अपराजिता' , 'मेरे डैड की दुल्हन' , 'परवरिश, 'बेगू-सराय' और 'बालवीर' जैसे शोज में नजर आ चुकी हैं.

# स्टार बनने के बाद भी नहीं बदले अर्जुन



अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर, रकुल प्रीत स्टारर फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' 21 फरवरी को थियेटर में लग जाएगी। फिल्म के ट्रेलर में अर्जुन, भूमि और रकुल की कॉमिडी दर्शकों को पसंद आ रही है। अर्जुन और भूमि दुसरी बार स्क्रीन पर साथ दिखेंगे। इससे पहले दोनों ने साल 2023 में फिल्म 'द लेडी किलर' में काम किया। ये एक क्राइम थ्रिलर मूवी थी। दैनिक भास्कर से खास बातचीत में अर्जुन और भूमि ने फिल्म को लेकर अपना एक्सपीरियंस शेयर किया है। साथ ही, बतौर को-स्टार एक-दूसरे की खूबियों पर बात की है।

अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर से बातचीत के प्रमुख अंश..... सवाल- आपकी फिल्म दावा करती है कि ये लव ट्रायंगल नहीं, सर्कल है। इस लव सर्कल के बारे में बताइए?

जवाब/ भूमि- हमारी फिल्म में बहुत सारी मस्ती है। जो एनर्जी आपको हम से बात करके महसूस हो रही है, ऐसी ही एनर्जी हमारी फिल्म में देखने को मिलेगी। हमने बहुत मजे किए क्योंकि फिल्म कॉमिडी है। कॉमिडी करना सबसे मुश्किल काम होता है। हमारे डायरेक्टर मुदस्सर अजीज बहुत कमाल के हैं। उन्होंने हम सबकी लगाम खींच के रखी थी ताकि हम फैले नहीं। उन्होंने हमें इतना पुश किया था कि जो भी पंचेज लिखे गए हैं, वो खूबसूरती से डायलॉग डिलीवरी में आ सके। फिल्म में बहुत सारा कंफ्यूजन है। दो औरतें हैं। रकुल प्रीत जो कि फिल्म में अंतरा खन्ना का रोल निभा रही हैं। मैं प्रभलीन कौर ढिल्लों का रोल कर रही हूं। मैं अमृतसर से हूं और रकुल साउथ दिल्ली से होती हैं। हम दोनों के आइडि-योलॉजी में बहुत सारा क्लैश होता है। उस क्लैश की गर्मी अर्जुन को सहन करनी पड़ती है। इस कंफ्यूजन में हमारी फैमिली भी शामिल हो जाती है और रायता फैल जाता है।

# गुजरात के खिलाफ केरल को 28 रन की बढ़त

## सेमीफाइनल में संघर्ष जारी



**अहमदाबाद.** रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के चौथे दिन मुंबई के खिलाफ विदर्भ ने मजबूत पकड़ बना ली है। टीम ने 406 रन का टारगेट दिया। जिसके जवाब में मुंबई ने दूसरी पारी में 83 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। टीम को आखिरी दिन 323 रन की जरूरत है।

दूसरा सेमीफाइनल केरल और गुजरात के बीच खेला जा रहा है। पहली पारी में केरल ने 457 रन बनाए। गुजरात ने 7 विकेट खोकर 429 रन बना लिए। टीम 28 रन पीछे हैं। सेमीफाइनल-1: मुंबई vs विदर्भ नागपुर के वीसीए स्टेडियम में विदर्भ ने बैटिंग चुनी। पहली पारी में विदर्भ ने 383 और मुंबई ने 270 रन बनाए। दूसरी पारी में विदर्भ ने 292 रन बनाए, पहली पारी की बढ़त के आधार पर उन्होंने 406 रन का टारगेट दिया। विदर्भ से यश राठौड़ ने 151 और अक्षय वाडकर ने 52 रन बनाए। मुंबई से शम्स मुलानी ने 6 और तनुष कोटियान ने 3 विकेट लिए। 1 विकेट शार्दूल ठाकुर को भी मिला।

रहाणे 12 रन बनाकर आउट मुंबई ने दूसरी पारी में 83 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। आयुष म्हात्रे 18, सिद्धेश लाड 2 और कप्तान अजिंक्य रहाणे 12 रन बनाकर आउट हो गए। शिवम दुबे 12 और आकाश आनंद 27 रन बनाकर नॉटआउट रहे। विदर्भ से हर्ष दुबे ने 2 और पार्थ रेखडे ने 1 विकेट लिया।

सेमीफाइनल-2: गुजरात vs केरल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में केरल ने बैटिंग चुनी। टीम ने 187 ओवर बैटिंग की और 457 रन बना दिए। मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 177 रन बनाए। सलमान निजार ने 52 और कप्तान सचिन बेबी ने 69 रन बनाए। गुजरात से अर्जन नागवासवाला ने 3 और चिंतन गाजा ने 2 विकेट लिए। गुजरात ने स्टंप्स तक 7 विकेट खोकर 429 रन बना लिए हैं। टीम से प्रियांक पांचाल ने 148 और आर्या देसाई ने 73 रन बनाए। मिडिल ऑर्डर में 3 बैटर्स ने 30 प्लस रन बनाए। आखिर में जयमीत पटेल 74 और सिद्धार्थ देसाई 24 रन बनाकर नॉटआउट रहे। टीम ने 7 विकेट खोकर 429 रन बना लिए हैं।

## एम्मा राडुकानु से अभद्र व्यवहार करने वाले दर्शक पर लगा बैन



नई दिल्ली.ब्रिटेन की 22 वर्षीय महिला टेनिस खिलाड़ी एम्मा राडुकानु के साथ दुबई खेले जा रहे दुबई ओपन के दौरान एक दर्शक ने अभद्रता की। वुमैन टेनिस एसोसिएशन ने एक बयान जारी करते हुए कहा, यह घटना 17 फरवरी की है। जब पब्लिक एरिया में एक व्यक्ति ने राडुकानु के साथ अभद्रता की। यही व्यक्ति राडुकानु के मैच के दौरान पहली कतार में भी बैठा हुआ था। इस व्यक्ति को डब्ल्यूटीए के किसी भी टूर्नामेंट में जाने से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

बता दें कि ये कोई पहला मामला नहीं है, जब राडुकानु से ऐसा व्यवहार हुआ है। दो साल पहले एक व्यक्ति को लंदन की एक अदालत ने सजा भी सुनाई थी। जब एक 35 वर्षीय एक व्यक्ति राडुकानु का पीछा करता था और वह लंदन के घर तक पहुंच गया था, जहां राडुकानू माता-पिता के साथ रहती हैं। इतना ही नहीं उसने राडुकानू के घर के पास एक नोट भी छोड़ा था।

इस वाकये का असर राडुकानु के प्रदर्शन पर भी पड़ा और उन्हें महिला एकल के दूसरे दौर में हार झेलनी पड़ी। राडुकानु को चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा ने 6-2, 6-2 से शिकस्त दी।

# फखर जमां चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर



नई दिल्ली.आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 डिफेंडिंग चैंपियन पाकिस्तान को बड़ा झटका लगा है। सामने आ रही रिपोर्ट के मुताबिक फखर जमान चोट के चलते टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। जमान को बुधवार को कराची में न्यूजीलैंड के खिलाफ टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में फील्डिंग के दौरान चोट लग गई थी। पाकिस्तान के ए स्पोर्ट्स के हवाले से कहा है कि फखर जमान टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। वह अब 23 फरवरी को भारत के खिलाफ मैच के लिए पाकिस्तान क्रिकेट टीम के साथ दुबई नहीं जाएंगे।

बता दें कि चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मुकाबले में बुधवार को न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज विल यंग ने शाहीन अफरीदी की गेंद को कवर्स की तरफ ड्राइव किया था। गेंद पीछा कर पकड़ने के बाद जमान ने गेंद को बाबर आजम को थ्रो किया, लेकिन तुरंत ही पीठ के निचले हिस्से में दर्द के चलते वह वहीं बैठ गए। ज़मान ने संकेत दिया कि उन्हें बदलने की ज़रूरत है। इसके बाद वह फ़िज़ियो के साथ मैदान से बाहर चले गए।

जमान ने फिल्डिंग के दौरान बाद में मैदान पर लौटने की कोशिश की, लेकिन फिर से मैदान से बाहर चले गए।

इसके बाद जब पाकिस्तान के बल्लेबाज न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के सामने संघर्ष कर रहे थे तो जमान नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने आए, लेकिन वह भी संघर्ष करते रहे और 41 गेंदों पर सिर्फ़ 24 रन बना सके। फखर जमान की चोट को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि उनकी मांसपेशियों में मोच की जांच की जा रही है और आगे की जानकारी उचित समय पर दी जाएगी। वहीं, अब सामने आ रही रिपोर्ट के अनुसार, फखर जमान को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया है। साथ ही रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि आईसीसी जल्द ही उनके रिप्लेसमेंट की आधिकारिक घोषणा करेगा।

# स्पेन की महिला टीम ने भारत को हराया



**नई दिल्ली.**

भारतीय महिला टीम को मंगलवार को एफआईएच प्रो लीग हॉकी प्रतियोगिता के रोमांचक मैच में स्पेन के हाथों 3-4 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, भारतीय पुरुष हॉकी टीम को खेल के हर क्षेत्र में कमजोर प्रदर्शन के कारण मंगलवार को इसी प्रतियोगिता में मौजूदा विश्व चैंपियन जर्मनी के हाथों 1-4 से करारी हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय महिला टीम पहले क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। भारत ने दूसरे क्वार्टर में बलजीत कौर (19वें मिनट) के गोल की मदद से बढ़त बना ली थी लेकिन स्पेन ने दो मिनट बाद ही सोफिया रोगोस्की (21वें मिनट) के गोल की मदद से बराबरी कर ली। बलजीत का यह सीनियर स्तर पर पहला गोल था। स्पेन ने भारतीय टीम पर दबाव बनाए रखा तथा दूसरे क्वार्टर में ही एस्टेल पेटचामे (25वें मिनट) के गोल से बढ़त बना ली। भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में दबदबा बनाया। साक्षी राणा ने 38वें मिनट में बराबरी का गोल दागा जबकि रुताजा दादासो पिसल (45वें मिनट) के गोल की बदौलत उसने बढ़त हासिल कर ली।

स्पेन ने हालांकि चौथे और अंतिम क्वार्टर में शानदार वापसी की तथा एस्टेल (49वें मिनट) और लूसिया जिमेनेज (52वें मिनट) के गोल की मदद से अपनी जीत सुनिश्चित की। स्पेन ने यह दोनों गोल पेनल्टी कार्नर पर किए। भारतीय महिला टीम अपने पिछले मैच में इंग्लैंड से हार गई थी। वहीं, बात करें पुरुष हॉकी टीम की तो भारत की रक्षा पंक्ति का प्रदर्शन अच्छा नहीं था,

जबकि अंतिम तीन क्वार्टर में उसकी अग्रिम पंक्ति भी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई। फ्लोरियन स्पर्लिंग ने सातवें मिनट में गोल करके जर्मनी को बढ़त दिला दी लेकिन गुरजंत सिंह (13वें मिनट) ने छह मिनट के भीतर भारत को बराबरी पर ला दिया। पहला क्वार्टर रोमांचक साबित हुआ, जिसमें कुल तीन गोल हुए। जर्मनी की तरफ से दूसरा गोल थिस प्रिंज़ ने 14वें मिनट में किया। इस तरह से जर्मनी पहले क्वार्टर में आगे रहा। दूसरे और तीसरे क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई लेकिन चौथे क्वार्टर में जर्मनी ने भारतीय रक्षा पंक्ति की गलतियों का फायदा उठाकर दो गोल दागे और इस तरह से बड़े अंतर से जीत दर्ज की।

## पेनफोल्ड चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया सीरीज से हुई बाहर

**वेलिंग्टन.** न्यूजीलैंड की महिला टीम की तेज गेंदबाज मौली पेनफोल्ड घुटने की चोट के कारण श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से बाहर हो गई हैं।23 वर्षीय पेनफोल्ड को इस महीने की शुरुआत में हैलीबर्टन जॉनस्टोन शील्ड में खेलते समय बाएं घुटने में चोट लगने के बाद उनकी सर्जरी हुई थी। चिकित्सकों के अनुसार उनकी चोट को ठीक होने में 12 सप्ताह तक का समय लग सकता है।

## विमेंस प्रीमियर लीग में दिल्ली की दूसरी जीत

**नई दिल्ली.**

क्रिकेट का सीजन अपने चरम पर है। महिला प्रीमियर लीग से लेकर चैंपियंस ट्रॉफी, रणजी ट्रॉफी तक लगातार कई मैच एक साथ हो रहे हैं। वहीं, हर किसी की नजरें महिला प्रीमियर लीग पर भी बनी हुई है। हाल ही में महिला दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने यूपी वॉरियर्स को टूर्नामेंट के छठे मैच में 7 विकेट से रौंदकर अपनी दूसरी जीत दर्ज की।

इस मैच में टॉस जीतकर दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए यूपी वॉरियर्स की टीम 7 विकेट खोकर 166 रन बना सकी।

इसके जवाब में दिल्ली की टीम ने एक गेंद बाकी रहते हुए 3 विकेट खोकर 167 रन बना लिए।

आखिरी ओवर तक इस मैच में रोमांच देखने को मिला। आखिरी ओवर में टीम को जीत के लिए 11 रन चाहिए थे और टीम की तरफ से एनाबेल सरदलैंड ने यह रन बनाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टॉस हारने के बाद यूपी वॉरियर्स की टीम पहले बैटिंग करने आई। पहले बैटिंग करते हुए यूपी वॉरियर्स की टीम की तरफ से किरण ने 27 गेंदों पर 6 चौके और 3 छक्कों की मदद से 51 रन बनाए। उनके अलावा श्वेता सहरावत (37) और हेनरी (33*) रन बनाकर लौटी। दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 166 रन बनाए।

# मनु भाकर के कोच बने रहेंगे जसपाल राणा



**नई दिल्ली.**

पेरिस ओलंपिक में दो मेडल जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय महिला शूटर मनु भाकर ने जसपाल राणा को लेकर चुप्पी तोड़ी है. उन्होंने साफ किया है कि भारतीय कोच के साथ वो जुड़ी रहेंगी. जसपाल राणा को भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ की ओर से पिस्टल शूटिंग के लिए हाई परफार्मेंस ट्रेनर नियुक्त किए जाने के बावजूद दोनों का 'गोल्डन रिश्ता' नहीं टूटेगा. वो मनु के कोच बने रहेंगे. बता दें एशियन गेम्स में 4 गोल्ड जीतने वाले जसपाल राणा और मनु के बीच टोक्यो ओलंपिक से पहले मतभेद हो गए थे. लेकिन इन सभी मतभेदों को भुलाकर दोनों पेरिस ओलंपिक के लिए फिर से जुड़े थे. इसके बाद दोनों की जोड़ी ने मिलकर इतिहास रच दिया था.मनु भाकर का मानना है कि जसपाल राणा के गाइडेंस के बिना उन्हें सफलता नहीं मिल पाती. मिले एक नए रोल के बावजूद वो उन्हें अपना मेंटॉर मानती हैं. मनु ने कहा 'मैं इतना ही कहूंगी कि वो मेरे कोच हैं और अपने काम में बहुत अच्छे हैं. वह काफी प्रतिभाशाली हैं और मेरे लिए बहुत ही शानदार कोच रहे हैं. जाहिर है कि वो किसी के भी कोच हो सकते हैं लेकिन मेरे लिए वो मेरे कोच हैं.'मनु भाकर पिछले कुछ समय से एल्बो इंजरी से जूझ रही थीं. इस चोट से रिकवर करने के लिए उन्होंने लंबा ब्रेक लिया था और हर तरह की प्रतियोगिता से दूर थीं. लेकिन अब उन्होंने वापसी कर ली है. दोबारा वापसी करने के बाद नेशनल ट्रायल्स के दौरान वो रिदम सांगवान के बाद दूसरे नंबर पर रही थीं. पेरिस ओलंपिक के बाद उनका अगला निशाना वर्ल्ड चैंपियनशिप है.

मनु भाकर अप्रैल में होने वाले वर्ल्ड कप में हिस्सा लेंगी. वहीं जून में घरेलू प्रतियोगिताओं के लिए उतरेंगी. इसके बाद म्यूनिख में होने वाले एक और वर्ल्ड कप में अपनी दावेदारी पेश करेंगी. लेकिन उनका मुख्य लक्ष्य कैरो में होने वाला वर्ल्ड चैंपियनशिप है. मनु ने भविष्य की प्लानिंग को लेकर कहा 'हम अप्रैल में वर्ल्ड कप में जाएंगे और उसके बाद जून में घरेलू प्रतियोगिताएं हैं. म्युनिख में फिर वर्ल्ड कप और अक्टूबर-नवंबर में वर्ल्ड चैंपियनशिप है. मेरा लक्ष्य वर्ल्ड चैंपियनशिप है.'

# न्यूजीलैंड ने मेजबान पाकिस्तान को 60 रनों से हराया

**कराची.**



टॉम लेथम (नाबाद 118), विल यंग (107) की शतकीय और ग्लेन फिलिप्स (61) रनों की अर्धशतकीय पारियों के बाद विलियम ओरूर्क और मिचेल सैंटनर (तीन-तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को चैंपियंस ट्रॉफी के उद्घाटन मुकाबले में पाकिस्तान को 60 रनों से हराया।

न्यूजीलैंड के 320 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और उसने 22 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। सऊद शकील (छह) और कप्तान मोहम्मद रिजवान (तीन) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद फखर जमान और बाबर आजम ने पारी संभालने का प्रयास किया। 21वें ओवर में माइकल ब्रेसवेल ने फखर जमान (24) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। बल्लेबाजी करने आये आगा सलमान ने मोर्चा संभाला। लेकिन वो भी अधिक देर तक नही टिक सके। उन्हें नेथन स्मिथ ने आउट किया। आगा सलमान ने 28 गेंदों में (42) रनों की आतिशी पारी खेली। तय्यब ताहिर (एक) और बाबर आजम (64) को मिचेल सैंटनर ने आउट कर पाकिस्तान की कमर तोड़ दी। शाहीन शाह अफरीदी (14)रन बनाकर आउट हुये। तेजी के साथ रन बना रहे खुशदिल शाह (69) को विलियम ओरूर्क ने आउटर पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया। हारिस रउफ़ (19) रन बनाकर नौवें विकेट के रूप में आउट हुये । इसके बाद 47वें ओवर में दूसरी गेंद पर मैट हेनरी ने नसीम शाह (13) को बोल्ड कर पाकिस्तान की पारी का 260 रनों के स्कोर पर अंत कर दिया।

# एमबापे की हैट्रिक ने रियल मैड्रिड को अंतिम-16 में पहुंचाया

**नई दिल्ली.**



किलियन एमबापे की हैट्रिक की बदौलत रियल मैड्रिड ने गुरुवार को सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में मैनचेस्टर सिटी पर 3-1 से जीत दर्ज करते हुए यूईएफए चैंपियंस लीग के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। पिछले सप्ताह मैनचेस्टर में 3-2 से मिली जीत के बाद रियल मैड्रिड ने 6-3 से जीत दर्ज की। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सिटी के स्ट्राइकर एरलिंग हालैंड घुटने की चोट से जूझ रहे थे और एक सप्ताह पहले दो गोल करने वाले नॉर्वे के खिलाड़ी ने खेल की शुरुआत सब्सटीट्यूट बेंच पर की, क्योंकि उनकी टीम शुरू से अंत तक संघर्ष करती रही। जबकि खेल खत्म होने तक अटैक में कुछ भी करने में विफल रही। रियल मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोटी चोट के बाद एंटोनियो रुडिगर को वापस लाने में सफल रहे, जिससे उन्हें राऊल एसेनसियो को राइट-बैक पर खेलने और फेडेरिको वाल्वरडे को मिडफील्ड में लाने का मौका मिला। चौथे मिनट में एसेनसियो ने एक लंबी गेंद भेजी, जिसे रूबेन डायस एमबापे के दबाव में संभालने में विफल रहे और फ्रांस के फॉरवर्ड ने सिटी के गोलकीपर एडरसन के ऊपर से गेंद को उछाला, जो नो-मैन्स लैंड में फंस गई।एक मिनट बाद सिटी के लिए हालात और खराब हो गए, जब जॉन स्टोन्स विनीसियस के दबाव में गिर गए और उनकी जगह नाथन एके को लाना पड़ा। 33वें मिनट में एमबापे ने मैड्रिड की बढ़त को दोगुना कर दिया, जब उन्होंने एक फ्लोइंग मूव को पूरा किया, जिसका अंत रॉड्रिगो ने फ्रांसीसी खिलाड़ी को पास देकर किया और गोल किया। पहले हाफ में मैड्रिड के लिए एकमात्र बुरी खबर जूड बेलिंगहैम को एक पीला कार्ड मिला, जिसका मतलब है कि उन्हें अगले राउंड के पहले चरण के लिए निलंबित कर दिया जाएगा। रॉड्रिगो और वाल्वरडे दोनों रियल मैड्रिड के तीसरे गोल के करीब पहुंच गए, लेकिन एमबापे ने अपनी हैट्रिक पूरी की, 61वें मिनट में दाएं से कट करके अपने बाएं पैर से गोल किया।

# पहले ही दौर में हारे जोकविच

## फॉर्म और फिटनेस नहीं दे रही साथ



नई दिल्ली.सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच के लिए साल 2025 अभी तक निराशाजनक रहा है। साल के पहले ग्रैंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन में चोटिल होने के कारण उन्हें टूर्नामेंट के बीच में बाहर होना पड़ा। वहीं, अब कतर ओपन के पहले ही दौर में उन्हें हार झेलनी पड़ी है। ना तो जोकोविच की फिटनेस साथ दे रही है और ना ही फॉर्म, ऐसे में यह अटकलें शुरू हो गई है कि क्या 37 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी संन्यास लेने के करीब हैं।

दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी जोकोविच को यहां खेले जा रहे कतर ओपन के पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट में तीसरी वरीय जोकोविच को इटली के गैरवरीय खिलाड़ी माटेओ बेरेटिनी ने 7-6, 6-2 से शिकस्त दी। बेरेटिनी ने अपने करियर में पहली बार जोकोविच को हराया है। वहीं, 2023 के बाद उनकी टॉप-10 खिलाड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है।

**2023 के बाद नहीं जीते कोई ग्रैंड स्लेम**

जोकोविच की खराब फॉर्म का यह आलम है कि वह 2023 के बाद से कोई ग्रैंड स्लेम नहीं जीत सके हैं। उनके नाम सर्वाधिक 24 पुरुष ग्रैंड स्लेम जीतने का रेकॉर्ड है। वहीं महिला वर्ग में मार्गरेट कोर्ट ने भी 24 ग्रैंड स्लेम जीते हैं। ऐसे में मार्गरेट को पीछे छोड़ने के लिए नोवाक को एक ग्रैंड स्लेम जीतना है लेकिन वह ऐसा नहीं कर पा रहे हैं।

# भारत समेत ये 4 टीमें पहुंचेगी सेमीफाइनल में

## वसीम अकरम की भविष्यवाणी



नई दिल्ली.आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले ही मुकाबले में मेजबान पाकिस्तान को न्यूजीलैंड के हाथों 60 रन से हार का सामना करना पड़ा है। अब मेजबान टीम को चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए 23 फरवरी को खेले जाने वाले महामुकाबले में भारत को हराना होगा, जो बेहद ही मुश्किल है। न्यूजीलैंड से हारने के बाद पाकिस्तान के बाहर होने के कयास लगाए जा रहे हैं। इसी बीच पाकिस्तान के दिग्गज वसीम अकरम ने चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चार टीमों को लेकर बड़ी भविष्यवाणी कर दी है।

वसीम अकरम ने एक शो में चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चार टीमों के नाम बताए हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में जगह बनाएगा तो दूसरी टीम भारत की होगी। उन्होंने कहा कि भारत एक कमाल की टीम है। उसके हर विभाग अच्छे खिलाड़ी मौजूद हैं। इसके साथ ही मैं अफगानिस्तान की टीम को सेमीफाइनल में पहुंचते देखना चाहता हूं। हालांकि साउथ अफ्रीका को भी मैं एक बड़ा दावेदार मानता हूं, लेकिन अफगानिस्तान के साथ जाना चाहूंगा।

उन्होंने कहा कि इसके साथ ही मैंने पाकिस्तान और न्यूजीलैंड को भी सेमीफाइनल का दावेदार माना है। दिल से

पाकिस्तान के साथ हूं, लेकिन रिकॉर्ड देखकर लगता है कि न्यूजीलैंड की टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी। इस तरह वसीम अकरम ने चैंपियंस ट्रॉफी में पहुंचने वाली जिन टीमों के नाम बताए हैं। उसमें ग्रुप ए से भारत और न्यूजीलैंड हैं तो वहीं ग्रुप बी से ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान है।

# भ्रष्टाचार मामले में 52 पुलिस अधिकारी बर्खास्त

**चंडीगढ़.**

पंजाब पुलिस विभाग में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ पंजाब सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। भगवंत मान सरकार ने भ्रष्टाचार में लिप्त 52 पुलिस अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है। बता दें कि 2 दिन पहले मुक्तसर के डीसी को भी निलंबित किया गया था।

**राज्य में भ्रष्टाचार को लेकर अलर्ट मोड में सरकार :** भगवंत मान सरकार ने राज्य में भ्रष्टाचार और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी को खत्म करने के लिए पंजाब सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है। मुख्यमंत्री मान ने यह स्पष्ट किया है कि राज्य में किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को सहन नहीं किया जाएगा, चाहे वह प्रशासनिक अधिकारी हो, पुलिस अधिकारी या किसी भी दल का नेता। उन्होंने भ्रष्टाचार से लड़ाई के लिए



मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार विरोधी एक्शन लाइन- 9501200200 भी जारी की है। पंजाब सरकार लगातार भ्रष्टाचार के खिलाफ काम कर रही है और हेल्पलाइन नंबर (9501200200) के जरिए लोग भ्रष्टाचार से संबंधित घटनाओं की शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार को रोकना है। मुख्यमंत्री ने जनता से अपील की है कि यदि किसी भी सरकारी अधिकारी से रिश्वत की मांग की जाती है, तो वह इस नंबर पर ऑडियो या वीडियो रिकॉर्ड करके शिकायत करें। इसके बाद सरकार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेगी, ताकि ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। बता दें कि दिल्ली में आप की हार के बाद से पंजाब में पार्टी सख्त कार्रवाई करने के मूड में है और भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चला रही है। पंजाब सरकार ने सभी डीसी, एसडीएम, एसएसपी और एसएचओ को आदेश जारी कर कहा है कि वह अपने-अपने क्षेत्र में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाएं। जो अधिकारी ऐसा नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सरकार के इस रवैये से अधिकारियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

## झंडा फहराने के दौरान हादसा

**तेलंगाना.** तेलंगाना में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के मौके पर जश्न मनाने के दौरान एक दुखद घटना हो गई। झंडा फहराते समय एक 22 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत हो गई, जबकि छह व्यक्ति घायल हो गए। घटना सिद्दीपेट जिले के वारगल मंडल की है। पुलिस ने इस घटना की पुष्टि की और बताया कि हादसा तब हुआ जब कुछ लोग लोहे की पाइप से झंडा फहरा रहे थे और वह पाइप गलती से बिजली के हाई-टेंशन तार से संपर्क में आ गया। घटना के बाद सभी घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने 22 वर्षीय युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं, बाकी घायल व्यक्तियों की हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने घटना के संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

# यह बड़ा ढोल है, मगर अंदर से खाली है : अखिलेश यादव

**लखनऊ.**





समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार द्वारा बृहस्पतिवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये प्रस्तुत बजट को 'बड़ा ढोल' करार देते हुए कहा कि इसमें आवाज तो बहुत है मगर यह अंदर से खाली है। यादव यहां बजट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने बजट को समाज के तमाम वर्गों के लिए निराशाजनक करार देते हुए कहा, ''यह बजट नहीं बड़ा ढोल है, जिसमें आवाज तो बहुत है मगर यह अंदर से खाली है। यह खोखला है। इस बजट का झोला खाली है। जनता को लग रहा है कि बजट आया ही नहीं है। वह पूछ रही है कि प्रवचन तो आ गया लेकिन बजट कब आएगा?''

**बजट को अखिलेश यादव ने बताया बड़ा ढोल:** उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''बजट देखकर किसानों की उम्मीदों का खेत सूख गया है। बजट देखकर महिलाओं के माथे पर घर चलाने की चिंता की लकीरें और बढ़ गई हैं। बजट देखकर बेरोजगारों की आंखों के सामने अंधेरा छा गया है, व्यापारियों और दुकानदारों पर मंदी की मार और गहरा गई है।'' यादव ने भाजपा विधायकों और मंत्रियों पर तंज करते हुए कहा, ''जो वहां (विधानसभा सदन में) मेजें पीट रहे थे, बजट देखकर भाजपा के उन मंत्रियों और विधायकों के गले सूख गए हैं क्योंकि अपने विभागों और विधानसभा क्षेत्रों में तो उन्हें ही महंगाई और बेरोजगारी के सवालों का सामना करना पड़ेगा। उन्हें गुस्से का भी सामना करना पड़ेगा क्योंकि अंततोगत्वा विधायकों और मंत्रियों को ही जनता का सामना करना पड़ता है। वह महंगाई का और बेरोजगारी का क्या जवाब देंगे?

**सरकार का रोडमैप तैयार नहीं था:** उन्होंने कहा, ''बजट देखकर बुनकरों का ताना-बाना रुक गया है और हथकरघे खामोश हो गए हैं। बजट देखकर जनता पूछ रही है कि जुमला मंत्रालय के लिए कितना बजट आवंटित किया गया है।'' यादव ने किसी का नाम लिये बगैर कटाक्ष किया, ''हालांकि अंग्रेजी की एक कहावत है कि साइलेंस इज गोल्ड। जब हम संस्कृत में उससे मिलती-जुलती उक्ति बोलें तो उसका मतलब है कि विद्वानों की सभा में मूर्ख के लिए मौन ही आभूषण होता है।'' उन्होंने कहा, ''इस सरकार के पिछले कई बजट को अगर देखें तो यह जो बजट है उसका इनके (भाजपा के) घोषणा पत्र से कोई तालमेल नहीं है। इस बजट का, और इससे पहले के बजट का भी कोई फोकस नहीं रहा। बिना विजन के बजट पेश किए गए हैं। सरकार का कोई रोड मैप तैयार नहीं था कि किस दिशा में उत्तर प्रदेश को ले जाना है और पिछले तमाम बजट में कोई स्पष्टता नहीं है।''

**यूपी बजट की आलोचना यादव ने कहा:** ''हर बार बजट पेश किया जाता है और सरकार यही कहती है कि यह उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा बजट है। यह टर्म हर सरकार हर बजट के लिए इस्तेमाल कर सकती है क्योंकि अगला जो भी बजट होगा वह जाहिर है कि पिछले बजट से बड़ा ही होगा। यह कहना कि सबसे बड़ा बजट पेश हो रहा है यह सोचने की बात है। प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने राज्य विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 8,08,736 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। यह उत्तर प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट है। इसका आकार वर्ष 2024-2025 के बजट से 9.8 प्रतिशत अधिक है। प्रस्तावित बजट में 28 हजार 478 करोड़ 34 लाख रुपये (28,478.34 करोड़) की नयी योजनाएं शामिल की गयी हैं।

# बुर्का पहनी महिलाओं ने शातिराना तरीके से चुराई सोने की चेन

**शिवमोग्गा.**

कर्नाटक से एक हैरान कर देने वाली वीडियो सामने आ रहा है। वीडियो में दो महिलाएं एक ज्वेलरी शॉप से सोने की चेन चोरी करती दिख रही हैं। चोरी के दौरान दोनों को अंदाजा नहीं रहा होगा कि उनका चोरी करते हुए वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है। वीडियो देख हर कोई हैरान है कि ऐसे कैसे कोई खुलेआम चोरी करने की हिमाकत कर सकता है।

**कुछ इस अंदाज में की चोरी:** मामला शिवमोग्गा जिले में एक ज्वेलरी शॉप से सोने के आभूषण चोरी करने का है। पुलिस ने चोरी के आरोप में दो बुर्का पहनी महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। दरअसल वीडियो में साफ दिख रहा कि दोनों महिलाए चेन देखने के बहाने ज्वेलरी बॉक्स को अपनी तरफ खड़ा कर देख रही हैं। इसी दरमियान दोनों दुकान में काम कर रहे लोगों को बातों में उलझा भी रही हैं, और उसी दरमियान दूसरी महिला एक नकली चेन को ओरिजनल चेन से बदल लेती है और सोने की असली चेन को अपने



बुर्के की आस्तीन में छिपा लेती है। इन महिलाओं ने नकली चेन से असली चेन को बड़ी ही चालाकी से बदल दिया था, लेकिन दुकान की हर चैन पर कम्प्यूटराइज्ड टैग होता है, लेकिन इस महिला ने जिस चैन को बदला उसमें टैग हाथ से लिखा हुआ था। इनके जाने के बाद जब दुकानदार की नज़र हाथ से लिखे टैग पर पड़ी तो शक हुआ तुरंत सीसीटीव्ही फुटेज चेक किया गया तो कहानी सामने आ गई। इसके बाद ये दो महिलाएं जब चेन को बेचने की कोशिश कर रही थीं तब तक पुलिस अलर्ट हो गई और ये दोनों पकड़ी गईं।

**दुकान मालकिन ने कराई एफआईआर:** गांधी बाजार के शाह सदाजी सोगमल जी ज्वैलर्स की मालकिन किरण शाह को जब पता चला कि महिलाओं ने नकली सोने के आभूषणों की जगह असली आभूषणों की अदला-बदली की है तो उन्होंने फोर्ट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। घटना 18 फरवरी 2025 की दोपहर को हुई, जब दो बुर्काधारी महिलाएं दुकान में घुसीं और 15-20 ग्राम वजन की सोने की चेन दिखाने को कहा। कर्मचारियों ने उन्हें 1.12 लाख रुपये के सोने के आभूषण दिखाए। हालांकि, महिलाओं ने चुपके से असली सोने की चेन को नकली से बदल दिया और असली आभूषणों को बुर्के की आस्तीन में छिपा दिया। पूरी हरकत दुकान के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।



# रोज झटके पर झटके लग रहे हैं, 'मैं झटका पुरुष'!- उद्धव ठाकरे

**मुंबई.**

महाराष्ट्र की सियासत में इन दिनों 'ऑपरेशन टाइगर' की चर्चा खूब चल रही है। इस खास 'ऑपरेशन' को लेकर कहा जा रहा है कि शिवसेना (उबाठा) के कई नेता महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से हाथ मिला सकते हैं। बता दें कि अभी भी दोनों दलों की जंग थमी नहीं है और दोनों ही खुद को 'असली शिवसेना' कहते हैं। इन सबके बीच 'ऑपरेशन टाइगर' पर उद्धव ठाकरे का बयान भी सामने आया है। उद्धव ने खुद को 'झटका' लगने की बात पर कहा है कि 'मेरी हालत जापान जैसी हो गई है। रोज झटके पर झटके लग रहे हैं। अब मैं झटका पुरुष हो गया हूं।'

**'जब हम झटका देंगे तो ये दिखेंगे नहीं':** मातोश्री पर शिवसैनिकों को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि देखते हैं कौन कितने झटके देता है, लेकिन जब हम झटका देंगे तो ये दिखेंगे नहीं। बिना नाम लिए शिंदे पर निशाना साधते हुए उद्धव ने कहा, 'मेरी हालत जापान जैसी हो गई है।

जापान का आपको पता ही है। ऐसा कहते हैं कि अगर किसी दिन जापान में भूकंप का झटका नहीं आता है तो लोग हैरान हो जाते हैं। उसी तरह रोज उद्धव ठाकरे को झटके पर झटका, मैं अब 'झटका पुरुष' हो गया हूं। कौन कितने झटके देता है, देखते हैं। लेकिन जब हम झटका देंगे तो ये दिखेंगे नहीं।

# कांग्रेस नेता ने बाबा बागेश्वर को बताया 'उचक्का'

**भोपाल.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 फरवरी को छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल का भूमिपूजन करने आ रहे हैं। उससे पहले बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के खिलाफ कांग्रेस के मीडिया प्रभारी के दिए एक बयान ने मध्य प्रदेश की राजनीति में भूचाल ला दिया है। मुख्यमंत्री समेत तमाम भाजपा विधायक इस मुद्दे पर कांग्रेस को घेर रहे हैं तो हिंदू संगठनों ने कांग्रेसी नेता का मुंह काला करने पर 100 रुपये के ईनाम की बात कही है।

**मुकेश नायक के इस बयान पर बवाल:** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी मुकेश नायक ने कहा था कि ये सनातन धर्म संस्कृति और परंपरा की नाक कटवाने वाले लोग हैं। इन्हें कोई ज्ञान नहीं है।



मैं बागेश्वर धाम वाले शास्त्री से कहता हूं ऋग्वेद, सामवेद, अथर्ववेद और धनुर्वेद के बारे में वे क्या जानते हैं। वह नंबर एक के उचक्के व्यक्ति हैं।

**सीएम मोहन यादव ने कांग्रेस पर बोला हमला:** इस बयान के खिलाफ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री समेत तमाम भाजपा विधायक और हिंदू संगठन सामने आ गए। सबसे पहले सामने आए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा ऐसे बयानों के चलते ही कांग्रेस रसातल में जा रही है। डॉ मोहन यादव सीएम ने कहा कि कांग्रेस इसी की कीमत चुकाएगी। साधु संतों को और सनातन धर्म को व हिंदू भाई बहनों को उनको गलत बोलने में मजा आता है। इसलिए वह रसातल में जा रहे हैं उनकी और बुरी स्थिति होगी।

**बीजेपी विधायकों ने मुकेश नायक को घेरा :** बीजेपी के भोपाल विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा है कि जब राम की तुलसी की महाराणा प्रताप की छत्रपति शिवाजी गुरु गोविंद सिंह छत्रसाल की जय जयकार हो तो कांग्रेस के पेट पर चूहे बिलबिलाने लगते हैं। यह कांग्रेस मुस्लिम चाटुकारता की पॉलिटिक्स करती है।

**इंदौर के महू से विधायक उषा ठाकुर ने इसे कांग्रेस का षड्यंत्र बताते हुए कहा:** उन्होंने कहा कि इन कांग्रेसी देशद्रोहियों को सनातनी समाज वामपंथि आतंकवादियो को मुंहतोड़ जवाब देने का समर्थ रखता है। इंदौर विधायक गोलू शुक्ला ने कहा आने वाले समय में हम बता देंगे कि उचक्का क्या होता है।

# बिहार में आशिक मिजाज दारोगा ने महिला कांस्टेबल को किया प्रेग्नेंट

**जमुई.**

जमुई यातायात थाना में तैनात अय्याश सार्जेंट (दारोगा) धीरज कुमार सुमन की काली करतूत उजागर हुई है। आशिक मिजाज दारोगा ने पहले एक महिला सिपाही के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाया फिर शादी का झांसा देकर बार- बार यौन शोषण करता रहा। इतना ही नहीं जब महिला सिपाही प्रेग्नेंट हो गई तो उसका गर्भपात भी करा दिया।

**महिला थाने में दर्ज हुई एफआईआर:** मामले में पीड़िता सिपाही ने महिला थाना में आवेदन देकर सार्जेंट धीरज कुमार सुमन पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने, गर्भपात कराकर शादी से इनकार करने और मारपीट करने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है। इसके बाद धीरज कुमार सुमन फरार हो गया।




**महिला सिपाही ने शिकायत में लगाए ये आरोप :** पीड़िता महिला सिपाही ने लिखित आवेदन देकर बताया कि जब वह यातायात थाना जमुई में तैनात थी तो सार्जेंट धीरज कुमार सुमन के अधीन कार्य करती थी। धीरज कुमार सुमन द्वारा ड्यूटी के दौरान मोबाइल नंबर लिया था और उसके बाद फोन करने लगा। जब उसने बात करने से इनकार किया तो कहने लगा कि वह मुझसे प्यार करता है। सार्जेंट ने समझाबुझा कर शादी करने की बात कही थी। जिस पर जिससे वे भी सार्जेंट की बातों में आकर विश्वास कर ली। मार्च 2024 में जब वे अपने किराए के मकान में थी तो सार्जेंट धीरज कुमार सुमन आया और मना करने के बावजूद शाररिक संबंध बनाया। फिर बार- बार कभी मेरे किराए के मकान में तो कभी पुलिस लाइन बुलाकर यौन शोषण करता रहा। जब गर्भवती हो गई तो उसने दो माह में शादी करने की बात कहते हुए जबरन दवा खिलाकर गर्भपात करवा दिया।

फिर 16 दिसंबर 2024 की रात 8:00 बजे भी पुलिस लाइन बुलाकर यौन शोषण किया और मारपीट कर भगा दिया।

**दारोगा पर करीब तीन ठगने का भी आरोप :** पीड़िता ने बताया कि फ्लिपकार्ट, अमेजन सहित अन्य ऐप के जरिए कई बार सार्जेंट ने कपड़ा व अन्य सामान मंगवाता था और पेमेंट मेरे से करवाता था। कई बार कमरे में आकर मेरे से पैसा भी कोई न कोई बहाना बनाकर ले लेता था। उन्होंने सार्जेंट पर दो से तीन लाख रुपया का ठगी करने का भी आरोप लगाया है। वहीं पुलिस मामले की गहन जांच- पड़ताल में जुटी हुई है।

## पिता ने डांटा तो बेटे ने लगा ली फांसी

**कोरबा.** छत्तीसगढ़ के कोरबा से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। पिता ने अपने बेटे को शराब पीने के लिए डांटा तो उसने खौफनाक कदम उठा लिया। पुलिस ने बुधवार को घटना की जानकारी दी। घटना जिले के उरगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पकरिया गांव की है। शराब पीने के लिए डांटने पर बेटे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जिसकी पहचान 19 वर्षीय विकास पटेल के रूप में हुई है।

**कपड़ों के लिए परिजनों ने दिए पैसे:** पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के लिए मतदान हो रहा था। इस दौरान विकास ने अपने परिजनों से नए कपड़े खरीदने के लिए दो हजार रुपये की मांग की। परिजनों ने उसे यह राशि दे दी, लेकिन कुछ घंटे बाद जब वह मतदान कर घर लौटा तो शराब के नशे में था।

# कश्मीर में पर्यटन स्थलों पर ताजा बर्फबारी

**श्रीनगर.**

श्रीनगर में पर्यटन स्थलों समेत कई ऊंचाई वाले इलाकों में बृहस्पतिवार को हिमपात की ताजा घटना दर्ज की गई, जबकि मैदानी इलाकों में बारिश दर्ज की गई। अधिकारियों ने कहा कि इस बारिश से घाटी में वर्षा की भारी कमी में कुछ सुधार होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि गुलमर्ग, सोनमर्ग और पहलगाम के प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों के साथ-साथ बडगाम जिले के दूधपथरी में हल्की बर्फबारी दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि शोपियां के हीरपोरा इलाके और बारामुला के उरी में भी हल्की बर्फबारी दर्ज की गई। कश्मीर में इस साल ज्यादातर शुष्क सर्दी की वजह से जनवरी व फरवरी के महीनों में लगभग 80 प्रतिशत वर्षा की कमी



दर्ज की गई। स्थानीय निवासी मेहराज अहमद ने कहा, ''हम बारिश और बर्फबारी का इंतजार कर रहे थे क्योंकि इस साल बारिश में कमी के कारण हम सूखे जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं। हम भगवान के शुक्रगुजार हैं कि थोड़ा ही सही लेकिन ताजा बर्फबारी और बारिश दर्ज की गई है।

**25 फरवरी तक बारिश और बर्फबारी का अलर्ट:** अहमद ने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में और अधिक बारिश से लोगों को राहत मिलेगी। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी का अनुमान लगाया है। इसने कहा कि 21-23 फरवरी तक बादल छाए रहने की संभावना है, 24-25 फरवरी को छिटपुट स्थानों पर हल्की बारिश या बर्फबारी हो सकती है और 26-28 फरवरी को कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी की संभावना है।

# राजस्थान के बजट में छाई 'हॉकी वाली सरपंच!

**जयपूर.**

राजस्थान सरकार ने पूरे राज्य में बर्तन बैंक मॉडल लागू करने का फैसला किया है। वित्त मंत्री दीया कुमारी ने बजट भाषण के दौरान इसकी जानकारी दी। बर्तन बैंक मॉडल की शुरुआत झुंझुनूं जिले की लाम्बी अहीर ग्राम पंचायत की सरपंच नीरु यादव ने की थी। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा पेश किए गए बजट में हर ग्राम पंचायत में बर्तन बैंक खोलने की योजना को स्वीकृति मिली है। पहले चरण में 1,000 ग्राम पंचायतों को प्रत्येक को 1 लाख रुपए के बर्तन उपलब्ध कराए जाएंगे।

**कैसे हुई योजना की शुरुआत? :** तीन साल पहले सरपंच नीरु यादव ने सिंगल-यूज प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग को रोकने के लिए अपनी ग्राम पंचायत लाम्बी अहीर में बर्तन बैंक शुरू किया था। इस बैंक से शादी, समारोह और अन्य आयोजनों में निःशुल्क बर्तन उपलब्ध कराए जाते हैं, ताकि लोग प्लास्टिक डिस्पोजेबल



का उपयोग न करें। वर्तमान में इस बैंक में लगभग 8,000 बर्तन उपलब्ध हैं। नीरु यादव ने बजट पूर्व परामर्श बैठक में हिस्सा लिया था, जहां उन्होंने बर्तन बैंक के फायदे गिनाते हुए पूरे राजस्थान में इसे लागू करने का सुझाव रखा। उनकी इस पहल को सरकार ने अपनाया और इसे राज्यव्यापी योजना के रूप में मंजूरी दी गई। इस नवाचार से राजस्थान की 11,341 ग्राम पंचायतों में प्लास्टिक वेस्ट को कम करने में मदद मिलेगी और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

**नीरु यादव 'हॉकी वाली सरपंच' :** नीरु यादव को "हॉकी वाली सरपंच" के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने लड़कियों के लिए खेल मैदान विकसित कर एक हॉकी टीम बनाई और अपने मानदेय से एक कोच नियुक्त किया, जो बच्चों को नियमित प्रशिक्षण देता है। इसके अलावा, नीरु यादव "कौन बनेगा करोड़पति" के 15वें सीजन में भी नजर आई थीं। शेखावाटी से पहली महिला के रूप में केबीसी की हॉट सीट तक पहुंचने वाली नीरु यादव ने अपनी जीती हुई धनराशि को ग्राम पंचायत में शिक्षा सुधार के लिए खर्च किया।

**संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत का प्रतिनिधित्व:** नीरु यादव ने संयुक्त राष्ट्र के जनसंख्या एवं विकास आयोग की 57वीं बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

इस दौरान उन्होंने सतत विकास लक्ष्य के तहत बर्तन बैंक मॉडल की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उनकी इस पहल को वैश्विक मंच पर सराहना मिली, जिसके चलते राजस्थान सरकार ने इसे पूरे प्रदेश में लागू करने का निर्णय लिया।

## पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक कदम

राजस्थान में बर्तन बैंक योजना लागू होने से सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग कम होगा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। इस योजना से राजस्थान की 11,341 ग्राम पंचायतों को लाभ होगा और यह पहल देशभर में एक आदर्श मॉडल बन सकती है। नीरु यादव की इस अनूठी पहल ने उन्हें न केवल प्रदेश बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है।

# शपथग्रहण समारोह में स्वाति मालीवाल को भी मिली मंच पर जगह

**नई दिल्ली.**

दिल्ली के रामलीला मैदान में गुरुवार को दिल्ली की नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। भाजपा नेता रेखा गुप्ता ने सीएम पद की शपथ ली और उनके साथ प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रवींद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह सहित छह अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली। रेखा गुप्ता के शपथ ग्रहण समारोह में आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल भी पहुंची। स्वाति को समारोह के दौरान मंच पर भी जगह मिली। इसका वीडियो भी सामने आया है। राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री पद के लिए चुने जाने पर बधाई दी थी। उन्होंने कहा था- "रेखा गुप्ता जी को दिल्ली के नए मुख्यमंत्री चुने जाने पर बहुत-बहुत बधाई। आशा करती हूं वो दिल्ली के उम्मीदों पर खरी उतरेंगी।" इसके बाद गुरुवार को स्वाति मालीवाल ने रेखा गुप्ता का रामलीला मैदान पहुंचने पर स्वागत भी किया।



**केजरीवाल पर साधा निशाना:** राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने अरविंद केजरीवाल पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा- "यह कितनी शर्मनाक बात है कि अरविंद केजरीवाल ने अपने द्वारा शुरू किए गए आंदोलन को धोखा दिया। वह भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी लड़ाई के साथ सीएम बने और इतना बड़ा आंदोलन शुरू किया। 2016 की सीएजी रिपोर्ट आज तक विधानसभा में पेश नहीं की गई है। इसलिए, मैं चाहती हूं कि उन रिपोर्टों को पेश किया जाए। सभी भ्रष्टाचारों का खुलासा किया जाए और सख्त कार्रवाई की जाए। मैं सरकार से अपील करती हूं कि वह जल्द से जल्द यमुना नदी को साफ करें। यह दुखद है कि पिछले 10 वर्षों में यमुना एक गंदे नाले में तब्दील हो गई है। इसका कायाकल्प करना महत्वपूर्ण है।"

**स्वाति ने किया है आप छोड़ने से इनकार:** अरविंद केजरीवाल के साथ सार्वजनिक तनाव के बावजूद स्वाति मालीवाल ने पहले ही आप से इस्तीफा देने और अपनी राज्यसभा सीट छोड़ने से साफ इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा था- "मैं आप सांसद हूं और बनी रहूंगी। सिर्फ इसलिए कि मैं सवाल उठाती हूं, क्या मुझे इस्तीफा दे देना चाहिए? क्यों? मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है।"